26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 4 जुलाई , 2026

अंक- 250 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20

# राम मंदिर के बाद अब बदरीनाथ धाम में हेरफेर का मामला

## दिए गए जांच के आदेश, रिकॉर्ड की होगी जांच

**देहरादून ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले के बादअ बदरीनाथ धाम में चढ़ावे एवं दान में कथित हेराफेरी का मामला सामने आया है। इस पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर बदरीनाथ धाम में चढ़ावे व दान में हेराफेरी के संबंध में जो आरोप लगाए गए हैं, उन्हें मंदिर समिति ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। इस पूरे प्रकरण



की निष्पक्ष व तथ्यपरक जांच के लिए जांच समिति गठित करने के आदेश दे दिए गए हैं। इस मामले में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जांच पूरी होने के बाद अगर कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सोशल मीडिया पर जिस कर्मचारी को उनका निजी सचिव बताया जा रहा है, वह उनका कोई निजी सचिव नहीं है। संबंधित कर्मचारी बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति का नियमित सरकारी कर्मचारी है और वैयक्तिक सहायक के रूप में पूर्व में भी मंदिर समिति के तीन अध्यक्षों के साथ कार्य कर चुका है। इसलिए सोशल मीडिया पर उसके संबंध में प्रसारित किये जा रहे आरोप सही पाये जाते है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



EXTRA PAGE.qxd 7/3/2026 8:36 PM Page 1



# चेहरे के साथ, दिल भी खूबसूरत हो तो...

**सुषमा पुरी**

खूबसूरत कहलाने के लिये खूबसूरत चेहरे की नहीं, खूबसूरत दिल की जरूरत होती है, जो दूसरों के दुःखों को देखकर रो पड़े और दूसरों की खुशियों में खिलखिला उठे। आपके घर में कोई बीमार है, बच्चे का जन्मदिन है, किसी की मृत्यु हो गई है, मिसेज शर्मा हर अवसर पर आपका साथ देती हैं। आप कह सकती हैं कि उनके पास बहुत समय होगा, हमें समय ही नहीं मिलता। आज की दौड़ती-भागती जिंदगी में समय किसी के पास नहीं होता, समय निकालना पड़ता है। उस समय आपके पास समय कहां से निकल आता है, जब आपको अपनी किसी सहेली से कोई काम होता है।

आप व हमारे बीच कई ऐसे लोग मिलेंगे, जो अपने मित्र के घर विवाह-शादी जैसे अवसरों पर तो सपरिवार उपस्थित हो जायेंगे, परन्तु उसी घर में किसी की मृत्यु हो जाने पर सहानुभूति के दो शब्द कहने नहीं जा सकेंगे। बस वही घिसापिटा जुमला सुनने को मिलेगा- क्या करें समय नहीं मिल पाया।

पिक्चर, क्लब, टीवी इन सबके लिये हम घंटों बर्बाद कर सकते हैं, परन्तु मित्रों के दुःख-सुख में सम्मिलित होने के लिये हमारे पास चंद मिनट भी नहीं हैं। आज जिस प्रकार हम संयुक्त परिवार के स्नेह व प्यार को खोकर अंदर ही अंदर शुष्क व नीरस होते जा रहे हैं, लगता है कुछ वर्षों बाद सामाजिक जीवन से भी कटकर अकेलेपन की चाहरदीवारियों में घुटकर रह जायेंगे।

अतः अपने व्यक्तित्व को ऐसा न बनाइये कि लोग आपको देखकर कतराने लगें। आपको सेल्फिश व मतलबी विशेषणों से विभूषित करें। आप स्वयं महसूस कीजिये कि जब आप अपनी किसी सहेली के किसी दुःख या सुख में शामिल नहीं हो पातीं और अचानक जब आपको उससे कोई काम पड़ता है तो आप उनके सामने जाने में झिझकती हैं। अपने आप ही एक हीन भावना से ग्रस्त हो जाती हैं। बड़ी दबी जुबान में आप अपनी समस्या उसे बताती हैं। वह भी व्यंग्य भरे स्वर में कहती हैं-मतलब पड़ा तो हमारी याद आयी, तब आप पर क्या बीतती है?

वहीं दूसरी ओर यदि आप उसके दुख-सुख की साथी होती हैं, आपकी यही सहेली आपके छोटे से छोटे कार्य करने के लिये अपने आपको धन्य समझती है। जीवन में यदि किसी प्रियजन या मित्र ने आपके ऊपर कोई अहसान किया है, यदि आप उसे चुका नहीं पाती तो कम से कम उसे भुलाइये मत। अहसान फरामोश बनने पर आप अपनी नज़रों में तो गिर ही जाती हैं, अपने परिचितों के बीच भी आप विश्वास की पात्र नहीं रह जातीं।

> **एक पशु भी अपने प्यार करने वाले मालिक के प्यार का बदला चुकाना जानता है, तो क्या हम पशु से भी बदतर होते जा रहे हैं? मनोवैज्ञानिक सत्य है कि हम सब सुखी होते हैं, तो हमें सारी दुनिया सुखी नज़र आती है।**

एक पशु भी अपने प्यार करने वाले मालिक के प्यार का बदला चुकाना जानता है तो क्या हम पशु से भी बदतर होते जा रहे हैं? मनोवैज्ञानिक सत्य है कि हम सब सुखी होते हैं, तो हमें सारी दुनिया सुखी नज़र आती है, लेकिन हम भूल जाते हैं कि-

मातम मनाने के लिये जब हमारे पास कोई नहीं होता, तब हमें भी अपने सभी मित्र स्वार्थी नज़र आते हैं, लेकिन दूसरों के साथ हमने क्या किया, यह हम भूल जाते हैं। अतः आपके व्यक्तित्व को आकर्षक बनाने के लिये सुंदर परिधान व विभिन्न सौन्दर्य प्रसाधन ही सहायक नहीं होते, इसके साथ ही आपके पास स्नेहशील भी होना चाहिए, तब आप हर महफिल की रौनक बन सकती हैं।



# अच्छे से सजा बेडरूम बढ़ाता है प्यार



शादी किसी के भी जीवन का एक बहुत ही खास लम्हा होता है। हर कोई शादी के बारे में काफी सपने देखता है कि शादी के बाद अपनी लाइफ कैसे यादगार बनाएंगे। जान लें कि शादी के बाद आपके पार्टनर का पहला प्रवेश आपके बेडरूम में होता है इसलिए बेडरूम का लुक ऐसा होना चाहिए कि पति-पत्नी के बीच रोमांस हमेशा बढ़ता ही जाए। तो जानते हैं कि कैसा होना चाहिये आपका बेडरूम। कमरे का डिजायन और उसकी साज सज्जा आपके मूड को बदल देती है। यदि आपके बेडरूम का इंटीरियर खराब है तो ये दांपत्य रिश्ते में खटास डाल सकता है।

✦आपके बेडरूम में एक अलमारी जरूर होनी चाहिए जिससे आप और आपकी दुल्हन अपने हर डिजायन की ड्रेसेस को ठीक से रख सके।

✦बेडरूम की दीवारों का रंग हल्का ही होना चाहिए। इसमें की गई सजावट गहरे या गोल्डन कलर की होगी तो आपके बेडरूम की दीवारें अलग तरह की लगेंगी।

✦बेडरूम में एक ज्वाइंट मेकअप रूम भी होना चाहिए जिससे आपकी पत्नी को बार-बार बाहर न जाना पड़े।

✦बेडरूम की दीवार पर एक घड़ी भी लगा सकते हैं। लेकिन घड़ी की थीम बेडरूम की दीवार से मिलती जुलती होनी चाहिये।

✦पर्दे बेडरूम को अलग लुक देते हैं और कमरे को खास बनाने में इनका खास योगदान होता है। आप दो लेयर वाले पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि धूप रोशनी उससे छनकर अंदर न आ सके।

✦ बेडरूम में एक गलीचा भी होना चाहिए। यह कमरे को एक अलग लुक देगा और आपका बेडरूम कंपलीट नजर आएगा।

✦ नवविवाहित जोड़ा जहां सोए वहां के कुशन का अच्छा होना बेहद जरूरी है, क्योंकि ये आपके खास पलों को और भी अच्छा बनाएगा।

✦शादी के पहले की अपनी यादगार चीजों को अपने बेडरूम में सजाकर रख सकते हैं। ये बीते हुए लम्हों को याद दिलाती रहेंगी।

✦बेडरूम के सामने एक कैंडिल स्टेज जरूर बनवाएं। इससे स्पेशल लम्हों को कैंडिल लाइट में और भी खास बना सकते हैं।

# नींद में हमें कम प्यास क्यों लगती है?



हम दिन में अधिक पानी पीते हैं, बार-बार लघुशंका के लिए भी जाना पड़ता है। लेकिन जब हम सो जाते हैं, तब यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी हो जाती है। सामान्य परिस्थितियों में न तो हम शौच के लिए जाते हैं, और न ही हमें प्यास ही लगती है।

दरअसल, सोते समय हमारे शरीर में वेसोप्रेसीन नामक हार्मोन की मात्रा बढ़ जाती है। इससे हमारे शरीर में पानी का संग्रहण अधिक मात्रा में रहता है। वेसोप्रेसीन हार्मोन शरीर को पानी का संग्रहण करने का निर्देश देता है। परंतु यह बात अभी तक ज्ञात नहीं थी कि नींद आने के बाद ऐसा क्या होता है, जिससे विसोप्रेसीन का प्रमाण बढ़ जाता है।

एक नये शोध के अनुसार हमारे शरीर का बायोलोजिकल घड़ी का सर्केडियन सिस्टम इसके लिए जिम्मेदार है। हमें सबके शरीर में एक प्रकार की बायोलोजिकल घड़ी काम करती है। जो तय समय पर हमें नींद लेने के लिए प्रोत्साहित करती है और तय समय पर जगा देती है। यही सिस्टम पानी की आवश्यकता को भी नियंत्रित करता है।

नींद में आने के बाद यह सिस्टम पानी के स्तर को नापने वाले कोषों को एक्टिवेट कर देता है और उन कोषों को निर्देश देते हैं, जो वेसोप्रेसीन को छोड़ते हैं। इससे रक्त में वेसोप्रेसीन की मात्रा बढ़ जाती है और शरीर पानी का संग्रहण करके रखने लगता है। हम शौच के लिए नहीं जाते और शरीर में पानी का समुचित प्रमाण बना रहता है। हमें प्यास भी नहीं लगती। नींद आने के बाद हम पानी नहीं पीते। इसलिए शरीर के लिए आवश्यक हो जाता है कि पानी की मात्रा को कम न होने दिया जाए, यह सिस्टम इसका ध्यान रखता है।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान
चिंगारी
बिजनौर : शनिवार, 4 जुलाई , 2026

# अब जमीन पर बैठकर चढ़ावे की काउंटिंग

## राम मंदिर में बदल गए नियम

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर के दान काउंटिंग सिस्टम में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बड़ा बदलाव किया गया है। काउंटिंग हॉल में अब कर्मचारियों को सख्त सुरक्षा व्यवस्था और दोहरी जांच (डबल चैकिंग) के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, काउंटिंग कर्मचारियों के लिए अब नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। कर्मचारियों को बिना किसी जेब (पॉकेट) वाली डार्क ब्लू रंग की ड्रेस पहनना अनिवार्य होगा। इसके

### मोबाइल, बैग, कैमरा पर बैन

साथ ही काउंटिंग हॉल में प्रवेश से पहले प्रत्येक कर्मचारी को दो चरणों की सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। वहीं, काउंटिंग का कार्य अब कुर्सी-मेज पर नहीं, बल्कि जमीन पर बैठकर कराया जाएगा। मोबाइल फोन, कैमरा, बैग और अन्य निजी सामान काउंटिंग हॉल के अंदर ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। कर्मचारियों को काउंटिंग हॉल में प्रवेश से पहले जूते-चप्पल भी बाहर ही उतारने होंगे। इस बीच, राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी का मामला लगातार नये खुलासों के साथ सुर्खियों में बना हुआ है। इस मामले में आरोपी अनुकल्प मिश्रा को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, अनुकल्प मिश्रा के नाम पर मंदिर में व्यवस्था कार्यकर्ता के तौर पर एंट्री पास जारी किया जाता था। आरोप है कि मंदिर में होने वाले हर विशेष कार्यक्रम के दौरान अनुकल्प मिश्रा के नाम से एंट्री पास बनाया जाता था। दावा किया जा रहा है कि इसी व्यवस्था कार्यकर्ता वाले पास के जरिए उसे मंदिर परिसर में प्रवेश मिलता था।


## भारत की सर्जिकल स्ट्राइक 3.0 !

### पाकिस्तान में छिपे 23 दुश्मनों को घोषित किया आतंकी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** केंद्र सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा और सख्त कदम उठाया है। गृह मंत्रालय ने एक गजट नोटिफिकेशन जारी करके 23 आतंकियों को गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून यानी UAPA के तहत आतंकवादी घोषित कर दिया है। इन सभी 23 नामों को UAPA की चौथी अनुसूची में शामिल किया गया है। इनमें से ज्यादातर आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं और पाकिस्तान या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में रह रहे हैं। इस लिस्ट में मसूद इलियास कश्मीरी, मोहम्मद मुसादिक, मुफ्ती मोहम्मद असगर खान और हाफिज अब्दुल शकूर जैसे नाम शामिल हैं, जो 2016 में नगरोटा स्थित भारतीय सेना शिविर पर हुए हमले और 2022 में जम्मू के सुंजवां में सुरक्षा बलों पर हुए हमले से जुड़े बताए गए हैं। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े अब्दुल रऊफ और हाफिज खालिद वलीद को हाफिज मोहम्मद सईद के करीबी सहयोगी के रूप में बताया गया है। सबसे चौकाने वाला नाम मोहम्मद शहीद फैसल उर्फ उस्ताद उर्फ जाकिर का है। गजट के मुताबिक उसका स्थायी पता बेंगलुरु, कर्नाटक का है।

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN
FOR SESSION
2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH.
(BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A.
(FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations

PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE
LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES

DR. GEET
Dental Surgeon & Implantologist
Ex. Resident Sarvodaya Hospital, Gaur City Greater Noida
आज ही अपॉइंटमेंट बुक करें और अपनी मुस्कान को स्वस्थ बनाएं!

हमारी सेवाएं :-
- दांतों की जांच एवं परामर्श
- दांतों की सफाई (स्केलिंग)
- कैविटी (कीड़ा) का इलाज एवं फिलिंग
- रूट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
- दांत निकालना (Extraction)
- कृत्रिम दांत (Dentures)
- दांतों की कैप एवं ब्रिज
- बच्चों के दांतों का उपचार
- टेढ़े-मेढ़े दांतों का इलाज (Braces)
- दांतों की चमक बढ़ाने का उपचार (Teeth Whitening)

समय
प्रातः 9:30 से दोपहर 2:00 बजे तक
सायं 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
सोमवार : सायं 5 बजे से 8 बजे तक
!! FREE OPD !!
पता : श्री गोपाल हॉस्पिटल, निकट स्वंयवर बैंकट हॉल, बिजनौर
Mob : +91-8439515803, 01342-263163


आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# वीडियो वायरल होने के बाद एनएचएआई हरकत में

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के गड्ढे भरवाए

**शामली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (एक्सप्रेस-वे) पर सड़क धंसने और बड़े गड्ढे बनने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कर यातायात बहाल कर दिया गया है। एनएचएआई ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि सड़क धंसने की घटना के बाद संबंधित प्रोजेक्ट डायरेक्टर, अथॉरिटी इंजीनियर और ईपीसी ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रभावित हिस्से की तत्काल मरम्मत कर उसे सामान्य यातायात के लिए खोल दिया गया है। प्राधिकरण ने बताया कि लगातार बारिश के दौरान एक स्थान पर जलभराव होने के कारण सड़क का हिस्सा धंस गया था। इसके लिए स्थानीय स्तर पर स्थायी क्रॉस-ड्रेनेज प्रणाली लागू नहीं हो पाने को एक कारण बताया गया है।

# अयोध्या चढ़ावा चोरी केस : 45 दिनों की सीसीटीवी फुटेज देखकर टूटा अविनाश

## पुलिस पूछताछ में कई बड़े खुलासे



**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** अयोध्या में मंदिर के चढ़ावे से कथित चोरी के मामले में पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान आरोपी अविनाश शुक्ला से पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान जब अविनाश शुक्ला को पिछले 45 दिनों की सीसीटीवी फुटेज दिखाई गई, तो वह टूट गया और उसने चढ़ावे से लगातार चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क, चोरी की रकम और उसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने रिमांड के दौरान अविनाश शुक्ला से कई चरणों में पूछताछ की। इसी दौरान उसे मंदिर परिसर की 45 दिनों की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग दिखाई गई। पुलिस का दावा है कि फुटेज में खुद को चढ़ावे से पैसे निकालते हुए देखने के बाद अविनाश ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वह लंबे समय से इस वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस पूछताछ में अविनाश ने बताया कि चोरी की गई रकम सभी आरोपियों के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती थी। अविनाश के मुताबिक, कई बार कुछ लोग ज्यादा रकम भी ले जाते थे, लेकिन पूरे खेल में टिन्नू का दबदबा बना रहता था। अविनाश ने खुलासा किया कि चोरी के पैसों से उसने कार खरीदी, गांव में घर बनवाया और अपने भाई को भी बड़ी रकम दी। अविनाश ने बताया कि टिन्नू और सुभाष की मिलीभगत होने की वजह से उन्हें पकड़े जाने का कोई डर नहीं था।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

RVIT
leading RVITians...
17 Years of Quality Education
ADMISSIONS OPEN 2026
ENGINEERING · PHARMACY MANAGEMENT
2200+ Placements in 17 years | 990+ Workshop Tours | 85% Placements in 2025-26
MILESTONES Excellence Awards Year After Year.
B.TECH. ME, CE, CSE, AIML, EE, ECE
POLYTECHNIC ME, ELECTRONICS, CE
D. PHARM DIPLOMA IN PHARMACY
B. PHARM BACHELOR OF PHARMACY
BBA BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BCA BACHELOR OF COMPUTER APPLICATIONS
ONE OF THE LEADING ENGINEERING, PHARMACY & MANAGEMENT COLLEGE
9756 201 670
9756 201 671
www.rvit.ac.in
info@rvit.ac.in
R V INSTITUTE OF TECHNOLOGY
R V INSTITUTE OF PHARMACY
Bijnor Moradabad Road, Bijnor.

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT Waterproofing Expert
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

# अनानास खाने से दूर होता इंफ्लेमेशन



## 15 औषधीय गुण, विटामिन C का खजाना


अनानास दुनिया के सबसे स्वादिष्ट फलों में से एक है। इसके स्वाद के चलते ही 17वीं सदी के मध्य में अनानास को ब्रिटेन की राजशाही में 'फलों का राजा' घोषित किया गया था। इसे फलों का राजा कहने की दूसरी वजह इसके ऊपर क्राउन जैसा आकार है। दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी 'विंबलडन ट्रॉफी' के सबसे ऊपरी हिस्से को अनानास के आकार में ही ढाला गया है। स्वाद और बनावट के साथ अनानास सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें विटामिन C, मैंगनीज और एंजाइम जैसे पोषक तत्व होते हैं। अनानास में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स और एंजाइम्स इंफ्लेमेशन और कई बीमारियों से बचाते हैं। इसे खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और कैंसर का जोखिम कम होता है।

**अनानास है विटामिन C का खजाना:**- मात्र 100 ग्राम अनानास में हमारी रोजाना जरूरत का लगभग 80 प्रतिशत विटामिन C मिल जाता है। यह हाई न्यूट्रिशन वाला फल है। इसलिए छोटे से टुकड़े में ढेर सारे विटामिन्स और मिनरल्स मिल जाते हैं।

**अनानास की न्यूट्रिशनल वैल्यू:**- अनानास का लगभग 86प्रतिशत हिस्सा पानी होता है। इसमें फाइबर और कार्ब्स पर्याप्त मात्रा में होता है।

**अनानास में होते हैं कमाल के विटामिन और मिनरल:**- अनानास में विटामिन C के अलावा पोटेशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स भी होते हैं।

**सेहत के लिए बेहद फायदेमंद अनानास:**- अनानास का सबसे कमाल का गुण ये है कि यह एंटीइंफ्लेमेटरी होता है। इसका मतलब है कि यह शरीर में मौजूद सूजन को दूर करता है। इसका एंटी-वायरल गुण वायरस से होने वाले इन्फेक्शन से बचाता है। यह स्किन प्रोटेक्टिव होता है और स्किन की झुर्रियां भी दूर करता है।




# आख़िरकार मिल ही गया स्वर्ग का पता!

## साइंटिस्ट ने ढूंढ लिया रास्ता, धरती से इतने मील दूर है बसा

*आपने कई बार धार्मिक ग्रंथों में पढ़ा होगा कि आप स्वर्ग में कैसे जा सकते हैं। मौत के बाद स्वर्ग जाने के कई उपाय बताए जाते हैं। लेकिन अब एक शख्स ने सच के स्वर्ग को ढूंढने का दावा किया है। एक पूर्व हार्वर्ड फिजिक्स प्रोफेसर ने दावा किया है कि उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से स्वर्ग का सटीक स्थान पता लगा लिया है। डॉ. माइकल गुइलन, जिनके पास फिजिक्स, मैथेमेटिक्स और एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी हैं और उन्होंने हार्वर्ड में फिजिक्स पढ़ाया है, ने फॉक्स न्यूज में एक ओपिनियन पीस लिखकर यह बात कही है।*





**किया सनसनीखेज दावा:**- उनका दावा है कि स्वर्ग कॉस्मिक होराइजन पर स्थित है, यानी यूनिवर्स की वह सीमा जहां से हमारी पहुंच खत्म हो जाती है। डॉ. गुइलन ने एडविन हबल की 1929 की खोज का हवाला दिया, जिसमें पता चला कि यूनिवर्स फैल रही है और जितनी दूर की गैलेक्सी, उतनी तेजी से वह हमसे दूर जा रही है। आइंस्टीन की स्पेशल और जनरल रिलेटिविटी थ्योरी के अनुसार, लाइट स्पीड (186,000 मील प्रति सेकंड) पर समय रुक जाता है। उनकी गणना के मुताबिक, धरती से 273 बिलियन ट्रिलियन मील (273,000,000,000,000,000,000,000 मील) दूर कोई गैलेक्सी लाइट स्पीड से दूर जा रही होगी। यही दूरी कॉस्मिक होराइजन है यानी ऑब्जर्वेबल यूनिवर्स की बाहरी सीमा। इस जगह पर समय ठहर जाता है, यहां ना पास्ट होता है ना प्रेजेंट और नाही फ्यूचर। होता है तो सिर्फ टाइमलेसनेस।

**धर्मों से भी जोड़ा:**- डॉ. गुइलन कहते हैं कि यह बाइबल में वर्णित स्वर्ग से पूरी तरह मैच करता है। बाइबल में स्वर्ग को तीन लेवल में बांटा गया है- सबसे निचला स्तर पृथ्वी का वायुमंडल, मिड-लेवल आउटर स्पेस और हाईएस्ट लेवल जहां गॉड रहते हैं। यह 'ऊपर' है, जहां से भी देखें हमेशा सिर के ऊपर रहता है, पहुंच से बाहर है और नॉन-मटेरियल, टाइमलेस बीइंग्स (मृत आत्माओं) का घर है। वे कहते हैं कि यूनिवर्स का फैलना स्वर्ग के बढ़ने जैसा है, क्योंकि वहां जनसंख्या (मृत आत्माएं) बढ़ रही है। मुख्यधारा के एस्ट्रोनॉमर्स के लिए कॉस्मिक होराइजन सिर्फ वह दूरी है जहां से लाइट हमें 13.8 बिलियन सालों में पहुंची है, उसके आगे कुछ नहीं देखा जा सकता। लेकिन डॉ. गुइलन का मानना है कि यह स्पिरिचुअल रियल्म हो सकती है। डॉ. गुइलन एथीस्ट से क्रिश्चियन बने हैं और साइंस को फेथ से जोड़ते हैं। उन्होंने अपनी किताब ÒBelieving Is SeeingÓ में भी ऐसे ही विचार रखे हैं। उनका यह दावा साइंस और थियोलॉजी के बीच बहस छेड़ रहा है। कई लोग इसे इंटरेस्टिंग मानते हैं, जबकि कुछ इसे सिर्फ स्पेकुलेशन कहते हैं।

# वो जगह, जहां महिलाओं की एंट्री है बैन, मादा जानवर को भी निकाल देते हैं बाहर!

**दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जहां कुछ नियम इतने सख्त होते हैं कि वे हैरान कर देते हैं। ऐसी ही एक जगह है ग्रीस की माउंट ऐथोस, जिसे 'होली माउंटेन' या 'एगियोन ओरोस' भी कहा जाता है। यह एक प्रायद्वीप है जो एजियन सागर में फैला हुआ है और यहां 20 ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स मठ हैं, जहां करीब 2000 साधु रहते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यहां 1000 साल से ज्यादा समय से महिलाओं का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। न सिर्फ महिलाएं, बल्कि ज्यादातर मादा पशु भी यहां नहीं रखे जा सकते।**

**कभी नहीं आती महिलाएं:**- यह नियम 'अवाटॉन' (Avaton) कहलाता है, जिसका मतलब है 'प्रवेश निषिद्ध'। यह नियम 1046 ईस्वी में सम्राट कॉन्स्टेंटाइन मोनोमैकस के समय से आधिकारिक रूप से लागू है, लेकिन इससे पहले से ही मठों में यह परंपरा चली आ रही थी। वजह है साधुओं की ब्रह्मचर्य की प्रतिज्ञा को बनाए रखना। मठों को पुरुषों का एक बड़ा मठ मानकर देखा जाता है, जहां कोई भी स्त्रीलिंग का प्राणी प्रवेश ना करे ताकि साधुओं का ध्यान भटके नहीं। ऑर्थोडॉक्स परंपरा के अनुसार, माउंट ऐथोस को 'वर्जिन मैरी का बाग' (Garden of the Mother of God) कहा जाता है। किंवदंती है कि वर्जिन मैरी और संत जॉन द इवेंजेलिस्ट एक तूफान में यहां पहुंचे थे। मैरी को इस जगह की सुंदरता इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे खुद के लिए मांगा। इसलिए यहां सिर्फ वर्जिन मैरी ही महिला का प्रतिनिधित्व करती हैं, कोई दूसरी महिला नहीं। इस वजह से यहां महिलाओं के अलावा मादा पशुओं पर भी प्रतिबंध है। गाय, भेड़, बकरी, मुर्गियां जैसी घरेलू मादा जानवरों को यहां नहीं रखा जाता।




**लेनी पड़ती है परमिट:**- हालांकि, इस जगह पर एंट्री के लिए कुछ अपवाद भी हैं। बिल्लियों (फीमेल कैट्स) को यहां जाने की अनुमति है क्योंकि वे चूहों को पकड़ती हैं और मठों की साफ-सफाई में मदद करती हैं। जंगली जानवर जैसे हिरण या पक्षी स्वाभाविक रूप से आते-जाते रहते हैं, क्योंकि उन्हें नियंत्रित नहीं किया जा सकता। कुछ सोर्स में कहा गया है कि मुर्गियां भी कभी-कभी अंडों के लिए रखी जाती हैं, लेकिन सख्त नियम घरेलू मादा पशुओं पर लागू होता है। माउंट ऐथोस ग्रीस का एक स्वायत्त क्षेत्र है, जिसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल किया गया है। यहां जाने के लिए पुरुषों को भी विशेष परमिट लेना पड़ता है, जो थेसालोनिकी में आवेदन करके मिलता है। महिलाओं के लिए यह परमिट कभी नहीं दिया जाता। ग्रीक कानून के अनुसार, महिलाओं का प्रवेश करने पर 12 महीने तक की जेल हो सकती है। 1953 में एक महिला ने पुरुष वेश में प्रवेश करने की कोशिश की थी, जिसके बाद यह कानून और सख्त हो गया।

**भली लगे या बुरी...**

## आस्था और बाज़ार का खेल


पिछले साल सम्पन्न प्रयागराज कुम्भ व माघ मेले में इतनी भीड़ उमड़ी थी कि पिछले सभी रिकार्ड टूट गये थे। जाहिर है ऐसे में बाज़ार भी खूब फला-फूला। हजारों करोड़ के वारे-न्यारे हुए। बाज़ार ने देश की धर्मभीरू जनता की आस्था को जमकर कैश किया था। महाकुंभ को भव्य बनाने के नाम पर बाजार के बाजीगरों ने दोनों हाथों से कमाई की थी। हर 12 वर्ष पर देश के चार धार्मिक केन्द्रों -प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में पीढ़ियों से आयोजित होते आ रहे महाकुंभ का महत्व इसी से आंका जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े मेले के रूप में इसे मान्यता दी गयी है और इसमें करोड़ों लोग भाग लेते हैं। इनमें भी प्रयाग के संगम तट पर आयोजित महाकुंभ की बात ही कुछ और है जो मकर संक्रांति के साथ शुरू होकर महाशिवरात्रि तक चलता है। महाकुंभ की बात चली नहीं कि लाखों लोग दूर-दराज के इलाकों से इसका पुण्य कमाने घरों से निकल पड़ते हैं। कोई भी सन्यासी सम्प्रदाय हो या परम्परा के स्वस्थ मूल्यों के प्रति आदर भाव रखने वाला भारतीय, महाकुंभ के महत्व को सिर माथे लेते नहीं थकता। ऐसे विशिष्ट आयोजन की गौरवपूर्ण व्यापकता, विविधता, परम्परा और प्राचीनता का शायद ही कोई दूसरा उदाहरण विश्व इतिहास में हो।

इसके बावजूद ऐसे महान अवसरों के और अधिक सदुपयोग की संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं। इसके विपरीत, इस बार भी देखा गया कि कभी विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के शिविरों के लिए मिली जगह को लेकर विभिन्न धार्मिक संगठन आपस में उलझे रहे तो कभी मान्यता जैसे सामान्य सवालों को लेकर। यह विभिन्न धार्मिक संगठनों के निजी मामले हैं, सो वे ही इसे हल करेंगे, परन्तु यहां आम जन की चिन्ता इस बात को लेकर है कि कुम्भ का जो महत्व है, उसके अनुरूप इस महान अवसर का और अधिक बेहतर उपयोग कैसे किया जाये। क्या ही अच्छा हो कि कुम्भ के अवसरों पर शास्त्रार्थ और पारस्परिक धर्मचर्चा के विशेष आयोजन हों ताकि इस दुर्लभ अवसर पर पधारे महान संतों के विचारों को सुना जा सके, धर्म और परम्परा सम्बन्धी विभिन्न सवालों पर उनका मार्गनिर्देशन पाया जा सके। इसके अभाव में होता यह रहा है कि धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले विभिन्न संगठन ऐसी महान परम्पराओं का दोहन करते हैं और आम जनता को भरमाते हैं।

# डेटा की दौड़ या राष्ट्र का भविष्य?

## एआई की आंधी में भारत को विकास नहीं, विवेक का ध्रुवतारा चाहिए

**विश्व की महाशक्तियां आज जिस युद्ध की तैयारी कर रही हैं, उसमें न तो बारूद की गंध है, न मिसाइलों की गर्जना, यह युद्ध डेटा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल सामर्थ्य का है। भारत में अरबों डॉलर के एआई डेटा सेंटरों का निवेश केवल आर्थिक घटनाक्रम नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी की नई विश्व-व्यवस्था में भारत की भूमिका का उद्घोष है। प्रश्न यह नहीं कि भारत इस दौड़ में शामिल हुआ है, प्रश्न यह है कि क्या हम इस दौड़ में केवल बाज़ार बनेंगे, या भविष्य के निर्माता भी ?**



निस्संदेह यह निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दे सकता है। जीडीपी में वृद्धि होगी, विदेशी निवेश बढ़ेगा, नवाचार की संस्कृति विकसित होगी और भारत वैश्विक क्लाउड एवं एआई शक्ति के रूप में उभरेगा। किंतु इतिहास साक्षी है कि केवल आर्थिक समृद्धि कभी सामाजिक समृद्धि की गारंटी नहीं रही। यदि विकास का फल कुछ कॉरपोरेट भवनों तक सीमित रह जाए और गांवों, किसानों, श्रमिकों तथा युवाओं के हाथ खाली रह जाएं, तो यह विकास नहीं, असमानता का नया अध्याय होगा।

एआई लाखों अवसर लेकर आएगा, पर उतनी ही निर्ममता से लाखों पारंपरिक नौकरियों को भी चुनौती देगा। मशीनें तेज़ होंगी, पर क्या मनुष्य अप्रासंगिक हो जाएगा? इसका उत्तर तकनीक में नहीं, नीति में छिपा है। यदि प्रत्येक नागरिक को समय रहते नई तकनीकों का प्रशिक्षण मिले, यदि कौशल विकास राष्ट्रीय आंदोलन बने, तो मशीनें रोजगार छीनेंगी नहीं, बल्कि मनुष्य की क्षमता का विस्तार करेंगी। अन्यथा डिजिटल समृद्धि के समानांतर बेरोजगारी का मौन विस्फोट भी जन्म ले सकता है।

भारत की आत्मा गांवों में बसती है, इसलिए एआई का वास्तविक मूल्य तभी सिद्ध होगा, जब किसान के खेत तक सटीक मौसम पूर्वानुमान पहुंचे, मिट्टी की भाषा मशीन समझें, फसल का उचित मूल्य किसान के मोबाइल पर आए और तकनीक बड़े किसानों की नहीं, छोटे खेतों की भी साथी बने। शिक्षा में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षक का स्थान नहीं ले सकती, वह केवल उसके ज्ञान को विस्तार दे सकती है। क्योंकि चरित्र का निर्माण एल्गोरिद्म नहीं, संवेदनशील गुरु करता है।

महिला सशक्तिकरण, स्थानीय भाषाओं का संरक्षण, नवाचार आधारित उद्यमिता और डिजिटल समावेशन- ये सभी इस परिवर्तन के स्वाभाविक स्तंभ बनने चाहिए। यदि तकनीक केवल अंग्रेज़ी, महानगर और पूंजी तक सीमित रही, तो भारत का विशाल सामाजिक आधार विकास से कट जाएगा। भारत की तकनीकी प्रगति तभी सार्थक होगी, जब उसकी डिजिटल भाषा भारतीय होगी, उसकी सोच भारतीय होगी और उसका लाभ भारत के अंतिम नागरिक तक पहुंचेगा।

परंतु इस चमकदार भविष्य की एक छाया भी है। विशाल डेटा सेंटरों की ऊर्जा और जल की भूख, बढ़ता ई-कचरा, साइबर हमलों का जोखिम, नागरिकों की निजता पर मंडराता खतरा और एल्गोरिद्मिक पक्षपात—ये ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर केवल तकनीक नहीं, दूरदर्शी शासन और नैतिक नियमन ही दे सकता है। हर डेटा सेंटर के साथ हरित ऊर्जा, जल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और कठोर उत्तरदायित्व भी अनिवार्य होने चाहिए। विकास यदि प्रकृति और नागरिक स्वतंत्रता की कीमत पर होगा, तो वह भविष्य नहीं, संकट की प्रस्तावना होगा।

भारत को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि डेटा की संप्रभुता किसी विदेशी शक्ति के हाथों में न जाए। हमारे नागरिकों का डेटा, हमारी भाषाएं, हमारे ज्ञान-संसाधन और हमारी रणनीतिक सूचनाएं भारत की सामूहिक राष्ट्रीय संपत्ति हैं। इसलिए स्वदेशी एआई मॉडल, स्वदेशी चिप निर्माण, अनुसंधान और साइबर सुरक्षा में आत्मनिर्भरता अब विकल्प नहीं, राष्ट्रीय आवश्यकता है।

आज भारत के सामने अवसर भी असाधारण है और उत्तरदायित्व भी। यदि नीति में दूरदृष्टि, तकनीक में नैतिकता, विकास में समावेशिता और नेतृत्व में राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा, तो एआई भारत को केवल आर्थिक महाशक्ति नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों से समृद्ध वैश्विक नेतृत्व प्रदान करेगा।



याद रखिए—डेटा नया ईंधन हो सकता है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता नई शक्ति हो सकती है, पर किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसके संवेदनशील नागरिक, सशक्त युवा, आत्मनिर्भर किसान, शिक्षित समाज और जीवंत संस्कृति ही होते हैं। भारत का भविष्य डेटा सेंटरों की ऊंचाई से नहीं, बल्कि इस बात से तय होगा कि तकनीक का प्रकाश देश के अंतिम व्यक्ति तक कितनी समानता, गरिमा और आशा के साथ पहुंचता है।

**प्रकाश पंकज**
**हल्दौर**

# जरूरतमंद की सेवा सबसे बड़ी

**प्रेरक-प्रसंग**

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन हेतु आनन्दपुर गया। वहां गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों की सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए, वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे।

तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला, वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जायेगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आये थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्य जी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहां से चले। उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अब तक तो वे चले गए होंगे, फिर भी वैद्य जी भागते हुए वापस घर पहुंचे। घर पहुंचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्य जी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

**सीख- दीन दुखियों और जरूरतमंदों की सेवा सबसे पहले की जानी चाहिए।**

# कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

## मार्गों पर पेड़ों की छंटाई व सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** श्रावण मास, शिवरात्रि एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल और सुरक्षित संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे चेतावनी बोर्ड

उन्होंने बताया कि श्रावण मास 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। 3, 10, 17 और 24 अगस्त को श्रावण सोमवार तथा 11 अगस्त को श्रावण शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे, जबकि हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए बिजनौर के विभिन्न मार्गों से होकर अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे।

एडीएम ने डीएफओ बिजनौर और नजीबाबाद को निर्देश दिये हैं कि अपने-अपने सामाजिक वानिकी क्षेत्रों में कांवड़ मार्गो और सड़कों के किनारे स्थित पेड़ों की अधिक झुकी हुई डालियों और टहनियों की तत्काल कटाई-छंटाई कराई जाए, ताकि कांवड़ यात्रियों के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर उन स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं, जहां जंगली जानवरों अथवा गुलदार की आवाजाही की संभावना रहती है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्रों में गुलदार प्रभावित क्षेत्र, कृपया अकेले न जाएं संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि श्रावण मास, शिवरात्रि एवं कांवड़ यात्रा-2026 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं।

## अंतिम संस्कार में गये युवक की गंगा में नहाते समय डूबकर मौत

**बिजनौर (चिंगारी)।** ताये ससुर के अंतिम संस्कार के बाद गंगा बैराज में नहाने उतरा एक युवक गहरे पानी में डूब गया। गोताखोरों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

बिजनौर के मोहल्ला जाटान निवासी जसवीर सिंह (34 वर्ष) पुत्र कृपाल सिंह अपने ताये ससुर रामस्वरूप सिंह (78 वर्ष) निवासी मोहल्ला लालसराय, नगीना के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शुक्रवार को गंगा बैराज पहुंचे थे। अंतिम संस्कार के बाद जसवीर गंगा में स्नान करने उतरे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जद्दोजहद के बाद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। बैराज चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह बाना तत्काल युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शहर कोतवाल अवनीत मान ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## समस्या नहीं, समाधान बनूंगा-डीआई



### कैमिस्टों ने किया स्वागत

**बिजनौर (चिंगारी)।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने कार्यालय पहुंचकर नवागत डीआई पीयूष शर्मा का स्वागत किया। कैमिस्टों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं एवं मालाएं पहनाकर स्वागत किया। डीआई ने कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का आभार व्यक्त किया और कहा कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन उनका परिवार है। वह परिवार को साथ लेकर चलेंगे और कैमिस्टों के लिए समस्या नहीं समाधान बनेंगे। स्वागत करने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल, जिला उपाध्यक्ष संजीव रस्तौगी, नगर अध्यक्ष संजीव चौधरी, नगर महामंत्री मनोज शर्मा, नगर उपाध्यक्ष डॉ. अशरफ मेहताब, नगर मंत्री राकेश रस्तौगी, अक्षय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, वसीम भाई, ईशान राजपूत, दिपेश दुबे, नरेश चौधरी, निखिल गुप्ता, राहुल राणा, राजू भाई एवं नकुल चौधरी उपस्थिति रहे।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# नम आंखें, नतमस्तक लोग...

## चारों धर्मों के गुरु भी रहे साथ

### तेहरान में भारतीय डेलिगेशन ने खामेनेई को दी श्रद्धांजलि

**तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत की तरफ से एक हाई लेवल डेलिगेशन ने तेहरान पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। डेलिगेशन में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा शामिल रहे। इस दौरान भारत के विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं के साथ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी दिवंगत नेता को आखिरी सलाम पेश किया।

हसनैन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आज तेहरान में अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार समारोह में विदेश राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा के साथ भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके साथ ही, हालिया संघर्ष में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, PDP प्रमुख महबूबा मुफ्ती और भारत के सिख, हिंदू, मुस्लिम और ईसाई धर्मगुरुओं ने भी ईरान के दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में महबूबा मुफ्ती ने कहा, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की शहादत पर अपनी गहरी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करने के लिए तेहरान में होना मेरे लिए सम्मान की बात है। वे एक सम्मानित नेता थे, जिन्होंने धारा के विपरीत खड़े होने का साहस किया और पीड़ितों के लिए संघर्ष किया। सार्वजनिक अंतिम संस्कार समारोह 5, 6 और 7 जुलाई को तेहरान और कोम में आयोजित किया जाएगा। उन्हें 9 जुलाई को उनके गृहनगर मशहद में दफनाया जाएगा।





### खामेनेई के घर जैसी बनाई गई अंतिम विदाई की स्टेज

ग्रैंड मोसल्ला में बनाया गया मंच खामेनेई के तेहरान वाले आवास की नकल है। खामेनेई वहां पर देश-विदेश के नेताओं, सैन्य कमांडरों और ईरानी जनता को संबोधित करते थे। वह परिसर 28 फरवरी को हवाई हमले में पूरी तरह तबाह हो गया था। इसी हमले में खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों की भी मौत हुई थी। उस पुराने परिसर की नीली टाइलें, खास इस्लामी नक्काशी को मंच में इस्तेमाल किया गया है। उसी माहौल को दोबारा री-क्रिएट करके ईरान यह दिखाना चाहता है कि भले ही वह इमारत नष्ट हो गई हो, लेकिन सुप्रीम लीडर की विरासत अभी भी जिंदा है।

### खामेनेई के अंतिम संस्कार में बेटे मुजतबा नहीं पहुंचे

**100 से ज्यादा देशों के नेता शामिल, रूस, चीन, भारत ने टॉप लीडर्स नहीं भेजे**

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की अंतिम विदाई की रस्में शुरू हो गई हैं। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत देश की टॉप लीडरशिप शुक्रवार को तेहरान में खामेनेई को श्रद्धांजलि देने पहुंचा था। इस दौरान सुरक्षा वजहों से अयातुल्लाह अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई शामिल नहीं हुए। अंतिम संस्कार के कार्यक्रमों में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। हालांकि रूस, चीन, भारत और तुर्किये जैसे देशों के टॉप लीडर्स ने इससे दूरी बरती। ईरान की तरफ से न्योता भेजे जाने के बावजूद इन्होंने अपने निचले स्तर के प्रतिनिधियों को भेजा। हालांकि पाकिस्तान, इराक, आर्मेनिया, ताजिकिस्तान, जॉर्जिया जैसे देशों के टॉप लीडर्स समारोह में पहुंचे।

### ख़ामेनेई की मौत का बदला लिया जायेगा: आईआरजीसी प्रमुख

ईरान के शक्तिशाली सुरक्षा बल आईआरजीसी के प्रमुख अहमद वाहिदी ने कहा है कि देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लिया जायेगा तथा ईरान के आत्मसमर्पण का सपना उसके दुश्मनों के लिए सपना ही रह जायेगा। श्री वाहिदी का यह बयान ऐसे समय आया है जब देश के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार समारोह की शुरुआत हो गयी है। शुक्रवार को सप्ताह भर चलने वाले अंतिम संस्कार संबंधी समारोहों की शुरुआत से पहले श्री वाहिदी ने खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, उनकी उपस्थिति हमारे लिए, हमारे प्रिय ईरान के लिए और इस्लामी उम्माह के लिए सदैव अमर रहेगी और हम कभी भी उनके मार्ग से विचलित नहीं होंगे। इस्लामी गणराज्य के दुश्मनों को संबोधित करते हुए उन्होंने घोषणा की, तुम इस राष्ट्र को आत्मसमर्पण करते देखने का सपना अपनी कब्र तक लेकर जाओगे, एक ऐसा राष्ट्र, जो इस पवित्र रक्त के बहने के साथ, दिन प्रतिदिन शक्ति के शिखरों के और अधिक निकट पहुंच रहा है।

### आरजेपी में 15 को होगी एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती

**बिजनौर (चिंगारी)।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर के लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह ने बताया कि 15 जुलाई को 30 यूपी बटालियन के कर्नल रोहिताश शर्मा के निर्देश पर सीनियर डिवीजन की भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। भर्ती में वे छात्र प्रतिभाग करेंगे, जिन्होंने विद्यालय में 11वीं में प्रवेश ले लिया हो। भर्ती प्रक्रिया में फिजिकल एवं लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# बेटी से मिलने आई महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

नजीबाबाद (चिंगारी)। बेटी से मिलने उसके ससुराल आई एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। महिला घर से बिना किसी को बताए निकल गई थीं। परिजनों के अनुसार वह भूलने की बीमारी से पीड़ित थीं, कई बार अपना पता भी ठीक से नहीं बता पाती थीं। नहटौर निवासी करीब 61 वर्षीय अकबरी पत्नी लियाकत अपनी पुत्री बेबी से मिलने नजीबाबाद आई थीं। बेबी की ाादी नजीबाबाद निवासी शहजाद के साथ हुई थी। गुरुवार को अकबरी अचानक घर से बिना किसी को बताए निकल गईं। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। शाम के समय परिजनों को सूचना मिली कि जलालाबाद में पेट्रोल पंप के निकट ओवरब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर एक महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने उक्त शव की पहचान अकबरी के रूप में की। परिजन शव को बिना किसी पुलिस कार्रवाई के अपने साथ घर ले गए। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

# ग्राम पंचायत से आवंटित दुकानें बेचने की डीएम से जांच की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम पंचायत की ओर से जरूरतमंदों के लिए आवंटित की गई दुकानों को बेचे जाने का आरोप लगाते हुए डीम से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में भागूवाला निवासी शमीम अहमद पुत्र यासीन द्वारा डीएम को दिये गये प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि गांव चमरिया में ग्राम पंचायत की भूमि पर गरीब एवं वंचित वर्ग के लोगों के उत्थान के उद्देश्य से दुकानों के लिए स्थान आवंटित किया गया था। आरोप है कि आवंटित दुकानों को भू-माफिया के हाथों बेच दिया गया है। उनका कहना है कि भू-माफिया ने दुकानदारों को मोटा लालच देकर दुकानों की खरीद फरोख्त की, जिससे ग्राम पंचायत की योजना का उद्देश्य प्रभावित हुआ है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में सीएम पोर्टल पर कई बार शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि संबंधित हलका लेखपाल मौके पर जांच करने के बजाय घर बैठे ही रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज देते हैं। साथ ही शिकायतकर्ता को जांच के दौरान मौके पर नहीं बुलाया जाता व दुकानदारों से मिलीभगत कर रिपोर्ट तैयार कर दी जाती है। शमीम अहमद ने डीएम से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

## जलालाबाद फ्लाईओवर पर दो कारों की टक्कर में युवक घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात जलालाबाद में फ्लाईओवर पर दो कारों की अचानक टक्कर में एक कार पलट गई, जिससे कार में सवार एक युवक घायल हो गया। ाुक्रवार की रात करीब साढ़े दस बजे जलालाबाद फ्लाईओवर पर बिजनौर व नजीबाबाद की ओर से जा रही दो कारों की आमने-सामने से तेज टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही एक कार पलट गई, जिससे कार में सवार एक युवक घायल हो गया। दो कारों की टक्कर से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही हलका पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घटना की जांच ाुरू कर दी है।

# व्यापारी नेता कपिल सर्राफ ने किया लैपटॉप लैब का उद्घाटन



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मोटाआम रोड पर चांदनी चौक मार्केट के बाहर लैपटॉप लैब का उद्घाटन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने फीता काटकर किया। जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, कांग्रेस के नगराध्यक्ष रईस कुरैाी व शाहिद सिद्दीकी ने लैब के स्वामी नाजिम फारूकी को नई ाॉप की मुबारकबाद पो करते हुए उनके कारोबार की तरक्की की दुआ की। नाजिम फारूकी ने बताया कि अब नए पुराने लैपटाप लेने व उन्हें ठीक कराने के लिए लोगों को बाहर दिल्ली आदि जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनका यह कार्य अब नजीबाबाद में उनकी ाॉप पर ही बड़े आराम के साथ हो जाएगा। इस मौके पर व्यापारी नेता मोनू टाटा, अमजद सिद्दीकी, अखलाक अहमद, नईम अहमद, नदीम फारूकी, अल्ताफ हुसैन, वसीम अख्तर, मौ. आदिल, अमान अख्तर, फैसल, सलाहुद्दीन सैफी सहित ाहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छत से गिरा मासूम, ज़िंदगी की जंग हार गया

## परिवार में पसरा मातम

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय मोहल्ला मिर्दगान में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को गमगीन कर दिया। घर की छत पर खेलते समय पैर फिसलने से नीचे गिरा पांच वर्षीय मासूम जिंदगी की जंग हार गया। मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला मिर्दगान निवासी शानू का पांच वर्षीय पुत्र अहद शनिवार दोपहर घर की छत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते अचानक उसका पैर फिसल गया और वह छत से नीचे गिर पड़ा। हादसे में गंभीर रूप से घायल अहद को परिजन तत्काल उपचार के लिए एम्स ऋषिकेश ले गए, जहां चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद रविवार तड़के उसने दम तोड़ दिया। मासूम की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मातम पसरा हुआ है, जबकि मोहल्ले के लोगों ने भी इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# रोडवेज बस अड्डे से डीएम कम्पाउंड मार्ग की जर्जर सड़क बनी हादसों का कारण

## गहरे गड्ढों से राहगीर और वाहन चालक परेशान, डीएम ने पीडब्ल्यूडी व नगर पालिका को दिए मरम्मत के निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। शहर के रोडवेज बस अड्डे से डीएम कंपाउंड और मिशन कंपाउंड को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की जर्जर सड़क राहगीरों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पर जगह-जगह 6 से 8 इंच तक गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस समस्या को लेकर मोहल्ला काजीपाड़ा शुमाली निवासी मौ. हनीफ़ ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि यह मार्ग रोडवेज बस अड्डा, जिला अस्पताल, न्यायालय परिसर (जजी) सहित कई प्रमुख सरकारी कार्यालयों को जोड़ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में बसें, एम्बुलेंस, ई-रिक्शा, दोपहिया वाहन तथा पैदल यात्री आवागमन करते हैं। मौ. हनीफ़ ने बताया कि बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दोपहिया वाहन चालक और ई-रिक्शा चालक अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क की बदहाल स्थिति के कारण गर्भवती महिलाओं, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जनहित और सड़क सुरक्षा को देखते हुए मौ. हनीफ़ एवं क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से संबंधित विभाग को तत्काल निर्देश देकर सड़क की मरम्मत और पैचवर्क कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और नगर पालिका को आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।


नेताजी श्री मुलायम सिंह यादव अमर रहें! श्री अखिलेश यादव जिंदाबाद! समाजवादी पार्टी जिंदाबाद!



जिला पंचायत सदस्य

श्री मौ. रिजवान

(बेगराजपुर)

को समाजवादी पार्टी में शामिल






होने पर हार्दिक बधाई

एवं शुभकामनाएं तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मा. अखिलेश यादव एवं जिलाध्यक्ष श्री हनी फ़ैसल का

हार्दिक आभार

निवेदक- जफर भाई, अखलाक भाई, मा. राजेंद्र कुमार, नरेश कुमार, मौ. इमरान

# अनफिट स्कूली वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई- डीएम

## स्कूली वाहनों में सीसीटीवी, जीपीएस, फर्स्ट-एड और अग्निशमन यंत्र अनिवार्य

### सुरक्षा मानकों की होगी विशेष जांच

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विद्यालय वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन मानकों के अनुपालन और विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की समीक्षा की गई।

डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद के सभी विद्यालयों में संचालित चार पहिया स्कूल वाहनों की फिटनेस, वैध अभिलेखों और सुरक्षा मानकों की विशेष जांच कराई जाए। अनफिट अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित वाहनों पर संबंधित विद्यालयों को तत्काल नोटिस जारी किया जाए। नोटिस के बाद भी नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित वाहनों का संचालन निरस्त करते हुए नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।



उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक विद्यालय वाहन में सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, फर्स्ट-एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और इमरजेंसी एग्जिट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही चालक का वैध ड्राइविंग लाइसेंस, पुलिस सत्यापन और निर्धारित योग्यता तथा वाहन परिचालक (अटेंडेंट) की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर संबंधित विद्यालय एवं वाहन संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# संचारी रोगों की रोकथाम हेतु छात्रों को शपथ दिलाई



**हल्दौर (चिंगारी)।** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल के निर्देशन में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता, शुद्ध पेयजल का उपयोग, हाथों की नियमित सफाई तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मणिकांत सैनी ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते हुए संकल्प कराया कि वे स्वच्छता बनाए रखेंगे, संचारी रोगों से बचाव के उपाय अपनाएंगे, अपने आसपास साफ-सफाई रखेंगे तथा समाज को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी और जागरूकता से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की तथा संचारी रोगों की रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## ड्यूटी से गायब होने पर संतरी निलंबित

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कारागार में ड्यूटी के दौरान बिना सूचना दिये अनुपस्थित रहने पर एक संतरी को निलंबित कर दिया गया। जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने अनुशासनहीनता को गंभीर मानते हुए यह कार्रवाई की। गुरुवार रात संतरी राहुल पंवार की ड्यूटी जेल के मुख्य गेट पर पहरे की थी। निरीक्षण के दौरान वह अपने ड्यूटी स्थल से बिना किसी अधिकारी को सूचना दिए गायब मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए जेल अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से राहुल पंवार को निलंबित कर दिया। साथ ही प्रकरण की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।




## 4 जुलाई का तहसील दिवस स्थगित, अब 6 जुलाई को होगा आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 के मद्देनजर 4 जुलाई (शनिवार) को प्रस्तावित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) स्थगित कर दिया गया है। अब इसका आयोजन 6 जुलाई (सोमवार) को होगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने इस संबंध में सभी उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि 6 जुलाई को तहसील दिवस का आयोजन पूरी तैयारी के साथ कर आमजन की शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

# नाममात्र को आ रही बिजली भीषण गर्मी में चीख निकली

### ग्रामीणों ने बिजलीघर पर प्रदर्शन कर धरना दिया

**शेरकोट (चिंगारी)।** विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से परेशान ग्रामीणों ने बिजलीघर पर प्रदर्शन कर धरना दिया। विद्युत विभाग के जेई द्वारा समस्या का शीघ्र समाधान कराने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर धरना समाप्त कर दिया।

ग्राम रामसहायवाला निवासी इमरान नवाज, मेहर सिंह, जाकिर मलिक, इनाम अंसारी आदि ने बताया कि गांव में आपूर्ति के लिए चार ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं, लेकिन आधे से अधिक गांव की विद्युत आपूर्ति इनमें से केवल एक ही ट्रांसफार्मर से होती है। ग्रामीणों के मुताबिक ट्रांसफार्मर पर अधिक भार होने से आएदिन इसमें खराबी आ जाती है, जिससे विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाती है। भीषण गर्मी में बिजली न आने से गांववासियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बुधवार से गांव में नाममात्र की बिजली आ रही है। शुक्रवार की दोपहर ग्रामीण इमरान नवाज के नेतृत्व में ग्राम मुबारकपुर स्थित बिजलीघर पर पहुंचे और प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। जेई के आश्वासन पर ग्रामीणों का धरना समाप्त हो गया। जेई पवन कुमार ने बताया कि ओवर लोड होने के कारण बार-बार ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने से आपूर्ति बाधित हो रही थी। दूसरे ट्रांसफार्मरों पर लोड बांटकर कर शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। धरना देने वालों में महफूज़ अहमद, मेहर सिंह, शहजाद, अहसान अहमद, मौ. कासिम, मौ. सलमान, मोनिश, मुख्तार अंसारी, तिलकराज, शानू जाटव, निशांत कुमार आदि मौजूद रहे।



जेई को ज्ञापन देते हुए ग्रामीण।

# आत्महत्या, समस्या का समाधान नहीं!



डॉ. मनुज चौधरी फ़ैज़ुर्रहमान आरिफ आरज़ू शुभम कुमार

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** आत्महत्या की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। पारिवारिक कलह, प्रेम-प्रसंग, मानसिक तनाव आदि आत्महत्या का कारण बन रहे हैं। सवाल यह है कि- क्या आत्महत्या करना समस्या का समाधान है? क्या जिंदगी इतनी सस्ती हो गई है? इस तरह की घटनाओं से न जाने कितने परिवार कितनी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके, इस विषय में कुछ प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने सुझाव दिये हैं।



## यह एक मानसिक बीमारी

ओम चौधरी हॉस्पिटल मंडावली के डॉक्टर मनुज चौधरी का कहना है कि किसी के मन में आत्महत्या करने का विचार आना कायरता नहीं है, बल्कि एक मानसिक बीमारी का संकेत है। जिस प्रकार शरीर बीमार होता है, उसी प्रकार से मन भी बीमार हो सकता है। हमें अपनी नकारात्मक सोच को बदलना होगा, हमेशा सकारात्मक सोचना चाहिए। अपने परिवार और मित्रों के बीच बैठकर बातचीत करनी चाहिए। अपने फैमिली डॉक्टर से भी सलाह ले सकते हैं, जिससे मानसिक तनाव दूर हो सके। तनाव को दूर करने के लिए प्रतिदिन योग, व्यायाम करना चाहिए। अकेले न रहें। अपने गुस्से पर कंट्रोल करें।

## अकेलापन एक बड़ा कारण

ब्लेसिंग एजुकेशनल कम्प्यूटर सेंटर मंडावली के संचालक फ़ैज़ुर्रहमान का कहना है कि बीमारी हो, कर्ज हो या मानसिक तनाव, लोग आसानी से अपनी जीवन लीला समाप्त कर रहे हैं। हमें बदलते समाज को पहचानना होगा। ये सत्य है कि अकेलेपन की दुनिया तेजी से बढ़ रही है। लोगों के दिलों में इंसानियत धीरे-धीरे खत्म हो रही है। आत्महत्या करना किसी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि ऐसा करने के बाद उनके पीछे परिवार में कई समस्या पैदा हो जाती हैं।

## आभासी दुनिया से दूर रहें

मिर्जापुर सैद उर्फ नयागांव निवासी शिक्षक आरिफ आरज़ू का कहना है कि आजकल की युवा पीढ़ी भावनात्मक रूप से कमजोर होने व सामाजिक दबाव न झेल पाने के कारण आत्महत्या जैसा कदम उठा लेती है। खुद को मजबूत बनाने के लिए प्रतिदिन व्यायाम, योग, वॉकिंग जरूर करें। सोशल मीडिया की आभासी दुनिया से दूर रहें। नशा, अकेलापन और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बचें। जब भी कोई समस्या या नकारात्मक विचार आये तो अपने परिवार व मित्रों से जरूर साझा करें। जीवन अमूल्य है। हमेशा व्यस्त रहें, कुछ न कुछ काम जरुर करें। खुद पर विश्वास रखें, सहनशील बनें और सकारात्मक रहें।

## नकारात्मक विचारों को त्यागें

राजकीय इंटर कॉलेज भागूवाला के शिक्षक शुभम कुमार का कहना है कि अपने नकारात्मक विचारों को सकारात्मक विचारों में बदलें। परिवार के साथ अपनी बात को साझा करें, समस्या का समाधान जरूर निकलेगा। आत्महत्या करना समस्या का समाधान नहीं, बल्कि समस्या को बढ़ावा देना होता है। अपने आत्मविश्वास को बढ़ाएं। किसी कार्य को तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ करें। जीवन में आने वाली समस्याओं का डटकर मुकाबला करें। प्रतिदिन व्यायाम करें, पौष्टिक आहार लें और अच्छी नींद लें।

**प्रस्तुति : मोहित कर्णवाल**
**(संवाददाता मंडावली)**

# जिले का ब्राह्मण समाज, भाजपा से नाराज

**बिजनौर (चिंगारी)।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की बैठक में भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई में बिजनौर क्षेत्र से किसी ब्राह्मण को न लिये जाने पर नाराजगी जताते हुए वक्ताओं ने कहा कि मुरादाबाद मंडल में ब्राह्मण समाज भाजपा से भारी संख्या में जुड़ा हुआ है और कई वरिष्ठ ब्राह्मण भाजपा में पिछले काफी समय से जुड़कर समर्पण भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। जनपद के ब्राह्मणों को न तो विधानसभा प्रत्याशी के रूप में मौका मिलता है, न ही नगर पालिका चुनाव में और अब प्रदेश की कार्यकारिणी में भी क्षेत्र के किसी ब्राह्मण को सम्मान नहीं दिया गया है। इससे ब्राह्मण भाजपा में स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है। ऐसी स्थिति में ब्राह्मण समाज आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा के विरोध में मतदान करने पर विचार करेगा।

**आगामी विधानसभा चुनाव में विरोध करने पर विचार**

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस की अध्यक्षता एवं आशीष शर्मा के संचालन में आयोजित बैठक में कहा गया कि विगत दिनों बिहार में भरत भूषण तिवारी की पुलिस विभाग के जिम्मेदार लोगों द्वारा मुठभेड़ के नाम पर हत्या की गई। उस पर भाजपा द्वारा कोई प्रतिक्रिया न दिये जाने पर भी ब्राह्मण समाज की नाराजगी है। बैठक में राम मंदिर के चंदा चोरों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।

बैठक में उपस्थित विप्र बंधुओं ने बार कार्उंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज के चुनावों में ब्राह्मण समाज के विजयी अधिवक्ताओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एडवोकेट, संजीव शर्मा, डॉ. रोशनलाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अजय शर्मा, पंडित सुभाषचंद्र शर्मा, रामप्रीत ठाकुर, प्रमोद शर्मा, सुनील शर्मा, राकेश शर्मा, सुशील शर्मा, महेशचंद शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, दिनेशचंद्र शर्मा शास्त्री, मोहित गौड़ एवं अनुपम आदि उपस्थित रहे।

# कोटद्वार रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण के लिये नागरिकों ने दिये सुझाव

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर के विभिन्न संगठनों, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की ओर से कोटद्वार में 1887 में स्थापित प्राचीन रेलवे स्टेशन को मॉडल व अमृत भारत योजना के अन्तर्गत आधुनिकीकरण के सम्बन्ध में मंडलीय महाप्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि 2023 से कोटद्वार रेलवे स्टेशन पर आधुनिकीकरण का कार्य प्रगति पर है और 2027 तक निमार्ण कार्य सम्पन्न हो जायेगा। स्टेशन के उत्तरी भाग में वाशिंग डक (ट्रेन/ कोचों के धुलाई-सफाई हेतु) बनाया जाए, पूर्वी भाग में एक प्लेटफार्म सिमेन्टेड बनाया जाए, स्टेशन के दक्षिणी भाग में स्थित रेल के भूखण्ड पर अमृत भारत उद्यान को यात्रियों के आराम, प्रतीक्षा तथा स्वास्थ्य लाभ हेतु लाइटिंग, सुरक्षा दीवार, स्वच्छता और बरसात में पानी रेलवे ट्रैक रोकने की व्यवस्था की जाये, उद्यान में चार विद्युत पोल लगाकर प्रकाश की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में पार्षद कविता मित्तल, नगर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष सुबोध कर्णवाल, पार्षद नईम अहमद, आर्य कन्या इण्टर कालेज के प्रधान आनन्द प्रकाश आर्य, पूर्व अध्यक्ष गोपाल बंसल, पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार माहेश्वरी, वैश्य अग्रवाल सभा के सचिव नरेन्द्र अग्रवाल, प्रो. शैलेन्द्र मोहन मधवाल, लीसा समिति के अध्यक्ष भूवन मोहन गुसाई, हार्दिक गोयल, नीरज अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, अमित गोयल, नवीन अग्रवाल, आशीष सतीजा, दिनेश बौठियाल, राजेन्द्र जखमोला, मोहन, कमल किशोर बिष्ट इत्यादि जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व नागरिक शामिल हैं।

# ई-रिक्शा बैटरी एप दुरुपयोग पर सरकार की कार्रवाई

**सात मोबाइल App स्टोर से हटाने के निर्देश**

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** केंद्र सरकार ने ई-रिक्शा चालकों को बड़ी राहत दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (आईटी मंत्रालय) ने सात मोबाइल एप के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिनका कथित तौर पर दुरुपयोग कर चलते हुए ई-रिक्शा की बैटरी बंद करने में किया जा रहा था। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने ई-रिक्शा और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी को गलत तरीके से बंद करने में इस्तेमाल हो रहे 7 एप्स को हटाने के लिए गूगल एंड्रॉयड और एप्पल आईओएस को नोटिस जारी किया है। इनमें BAT-BMS, SMART BMS और LOSSIGY जैसे एप शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक, इन एप्स का दुरुपयोग किया जा रहा था। सरकार के अनुसार, ये एप मूल रूप से बैटरी की जांच और सर्विसिंग के लिए बनाए गए थे, लेकिन कुछ लोग इनका दुरुपयोग कर रहे थे। ऐसे मामलों में ई-रिक्शा की बैटरी से बिना अनुमति कनेक्ट होकर वाहन की पावर सप्लाई बंद की जा सकती थी। इसी को देखते हुए केंद्र ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित एप्स को हटाने का फैसला लिया है। साथ ही भविष्य में ऐसे किसी भी एप को लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बनने से रोकने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।



# डेयरी फार्मिंग एंड वर्मीकंपोस्ट मेकिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया



**हल्दौर (चिंगारी)।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर के बेरोजगार महिला व पुरुषों को डेयरी फार्मिंग एंड वर्मी कंपोस्ट मेकिंग का आरपीएल में बारह दिवसीय विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा मनोरमा,अमित, मनीष, सविता, मोनू, रश्मि, रूबी, धीर सिंह, लोकेंद्र, अनीता रानी, आशु, विशाल, राहुल आदि 30 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग दौरान सभी प्रतिभागियों को बैंकिंग योजनाएं व स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। ट्रेनिंग में उद्यमी गुण,सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, गेम्स, मार्केट सर्वे, बिजनेस प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग क्षेत्र आदि की विस्तार से जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में उन्हें वर्मी कंपोस्ट व पशुओं की विभिन्न बीमारियों, खान पान, रख-रखाव व उन्नत तरीके से कृषि किस तरीके से करते हैं आदि के बारे में विस्तार से बताया। ट्रेनिंग के बाद डेयरी प्रोडक्ट्स से वह अपनी आजीविका चलाकर व्यवसाय व बिक्री के रूप में भी प्रयोग करके आजीविका अर्जन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# पूर्णेन्दु सिंह का आईपीएस में चयन

## बिजनौर में आबकारी निरीक्षक के रूप में तैनात रहे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्णेन्दु सिंह उत्तर प्रदेश राज्य पलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2000 बैच के अधिकारी हैं। मूलतः जनपद सुलतानपुर उत्तर प्रदेश के ग्राम लामा बनकठा मोतिगरपुर के निवासी हैं तथा अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राइमरी पाठशाला गोपालपुर बड़ा गांव, केन्द्रीय विद्यालय अमहट व एमजीएस इण्टर कालेज सुल्तानपुर से करते हुए उच्च शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से पूर्ण की। समाजशास्त्र विषय में गोल्ड मेडलिस्ट होने के उपरांत उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की सन् 2000 की परीक्षा में 11वां स्थान पाकर उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा में कार्य करते हुए समाज से सक्रिय रूप से जुड़े रहे।



श्री पूर्णेन्द्र सिंह का नाता जनपद बिजनौर से बहुत पुराना रहा है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से आबकारी निरीक्षक के रूप में चयनित होने वाले श्री सिंह 1999 बैच के आबकारी निरीक्षक रहे तथा जनपद बिजनौर में जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, स्योहारा डिस्टलरी तथा नगीना फार्मेसी में बतौर आबकारी निरीक्षक तैनात रहे। पुलिस सेवा के दौरान जनपद प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर गोण्डा, फिरोजाबाद, मऊ, मिर्जापुर जैसे विभिन्न जनपदों में पुलिस क्षेत्राधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात तथा कुंभ/ माघ मेला प्रयागराज में यातायात / भीड़ नियंत्रण के महत्वपूर्ण भूमिका में तैनात रहने के उपरांत जनपद लखनऊ में पुलिस अधीक्षक यातायात के रूप में कार्य करने का लम्बा अनुभव रहा है।

अन्य गतिविधियों में सक्रिय रहते हुए, प्रयागराज व आगरा पुलिस जोन फुटबाल टीम के कैप्टन व तैराकी में जोन लेवल चौम्पियन रहे। वार्षिक पुलिस परेड 2005 में पीएसी बल का ध्वज-वाहक तथा 5 वर्ष गणतंत्र दिवस परेड का परेड कमाण्डर होने का गौरव भी प्राप्त है। पूर्णेंदु उ.प्र. पुलिस की जनपदीय ईकाई के साथ विजिलेंस, पावर कार्पोरिशन, इन्टेलीजेन्स जैसी विशिष्ट ईकाइयों में कार्य करने का व्यापक अनुभव रखते हैं। पुलिस प्रशिक्षण के साथ ही साथ सीबीआई एकेडमी, तकनीकी सेवा मुख्यालय, प्रतिष्ठान सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा,भीड़ प्रबंधन, साईबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित व दक्ष हैं। 1 जुलाई को भारत सरकार की अधिसूचना के द्वारा आईपीएस में चयनित किया गया है।

### कई मेडलों से नवाजे गये

श्री पूर्णेन्दु सिंह को उनकी पुलिस कार्य के प्रति निष्ठा, लगन, उत्साह व कर्तव्य-परायणता को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा प्रशंसा पत्र, मुख्यमंत्री, उ.प्र. द्वारा कुंभ सेवा मेडल, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा कमेंडेशन डिस्क (रजत) कमेन्डेशन डिस्क (स्वर्ण) कमेंडेशन डिस्क (प्लैटिनम), पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था तथा 100 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रशंसा पत्र व गैरसरकारी, स्वैक्षिक संगठनों, ट्रान्सपोर्ट यूनियन द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। गुणवत्तापूर्ण विवेचना हेतु भारत सरकार के केन्द्रीय गृहमंत्री द्वारा भी श्रेष्ठ विवेचक का दक्षता मेडल प्रदान किया गया है।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 5 जुलाई 2026**

मेष- बुद्धि विवेक से संकल्प सिद्धि, शारीरिक कष्ट में कमी, मान सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, परोपकार की भावना जागृत, यात्रा से लाभ।

वृषभ- आर्थिक समस्या का निवारण, नौकरी में पदोन्नति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, प्रतियोगिता में सफलता, आहार विहार में नवीनता, संत समागम।

मिथुन- नवयोजना साकार होने की ओर, सुपरिचितों से विचार विनिमय, मेल मिलाप में रुचि, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आपसी सौहार्द, आकस्मिक लाभ का सुयोग।

कर्क- स्वास्थ्य में शिथिलता, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, आर्थिक उन्नति का मार्ग अवरुद्ध, प्रियजनों से मतभेद, विरोधी प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, संतान से चिन्तित।

सिंह- कार्य व्यवसाय में परिश्रम के अनुरूप सफलता, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, आय के नवीन स्त्रोत, शुभ भावनाओं का उदय, यात्रा।

कन्या- आरोग्य सुख, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर, जीवन साथी में सामंजस्य, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धनागम भी।

तुला- जटिल समस्याओं का संतोषजनक समाधान, सुसमाचार मिलने से प्रसन्नता, सामाजिक गतिविधियों की ओर रुझान, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

वृश्चिक- कार्य क्षमता में कमी की अनुभूति, स्वजनों से अनबन, व्यवसाय में हानि, भौतिक सुख साधन में कमी, वाद-विवाद से मतभेद, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट।

धनु- नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, मनोवांछित सफलता का सुअवसर प्राप्त, पुरातन विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त।

मकर- जटिल समस्याओं का समाधान संभव, आपसी सम्बन्ध मधुर, राजकीय पक्ष से सहयोग, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित, घरेलू वातावरण सुखद।

कुम्भ- आरोग्य सुख, रुके हुए कार्यों की पूर्ति के लिए आत्मीयजनों से सहयोग, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, वैमनस्यता का समापन, सामाजिक कृत्यों से प्रतिष्ठा में वृद्धि।

मीन- दैनिक कार्यों के प्रति असंतोष, व्यावसायिक पक्ष से प्रति चिन्ता, स्पष्टवादिता आपके लिए घातक, मन अस्वस्थ, संतान पक्ष से कष्ट, दाम्पत्य जीवन में कटुता।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

## ईश्वर बनने के लिए



**पत्थर होना जरूरी है,**
**फिर, पत्थर को एक अदद-**
**कुशल कारीगर के**
**कलात्मक कमाल से,**
**छेनी / हथौड़ी की-**
**सतत चोट सहनी पड़ती है,**
**तब कहीं जाकर,**
**एक आकार -**
**जन्म लेता है,**
**तब, ईश्वर की कल्पना -**
**करवट लेती है,**
**प्राण-प्रतिष्ठा की-**
**प्रतीक्षा में,**
**पत्थर होना जरूरी है-**
**ईश्वर बनने के लिए .....**



**- भोलानाथ त्यागी**
**मो. - 7017261904**

## नौशेरा का शेर - ब्रिगेडियर मौहम्मद उस्मान: जब वतन सबसे बड़ा मज़हब बन गया

1947 का वर्ष केवल आज़ादी का साल नहीं था, वह मनुष्यता की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक था। एक तरफ स्वतंत्रता का सूरज उग रहा था, तो दूसरी तरफ बंटवारे का दंश, विभाजन की आग में शहर-शहर, गांव-गांव, रिश्ते-नाते और इंसानियत जलकर खाक हो रही थी। रेलगाड़ियों में जीवन से ज्यादा लाशें थीं,पड़ोसी-पड़ोसी का दुश्मन और धर्म ही मनुष्य को मनुष्य से तोड़ने की राजनीति का हथियार बन गया था। ऐसे समय में ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान जैसे बिरले ही इतिहास लिख जाते हैं। उन्हें जिन्ना और लियाकत अली खान (पाकिस्तान प्रधानमंत्री) ने पाकिस्तान आर्मी चीफ बनाने का लालच दिया, लेकिन ब्रिगेडियर उस्मान ने पद नहीं प्रतिज्ञा चुनी, कर्तव्य चुना और सबसे बढ़कर मजहब नहीं मातृभूमि चुनी। सर्दियों की रात थी..नौशेरा की पहाड़ियों पर थुन्ध पसरी हुई थी, दूर से गोलियों की आवाजें सुनाई दे रही थीं। दुश्मन संख्या में अधिक था। कई जवान थक चुके थे। ब्रिगेडियर उस्मान ने अपने सैनिकों से कहा 'याद रखो, हमारे पीछे केवल जमीन नहीं, करोड़ों भारतीयों का विश्वास खड़ा है, यदि हम डटे रहे तो भारत डटा रहेगा।' नतीजा यह हुआ कि भीषण संघर्ष के बाद शत्रु को पीछे हटना पड़ा, भारत ने निर्णायक विजय प्राप्त की। झांगर के इस अभियान में पाकिस्तानी सेना के 1000 जवान मारे गए, इससे ज्यादा ज़ख़्मी हुए और अपमानित होकर उसने ब्रिगेडियर उस्मान का सिर काटकर लाने वाले को 50000 रुपये का इनाम का ऐलान कर दिया। 3 जुलाई 1948 झांगर सैक्टर में गोलीबारी तेज थी, ब्रिगेडियर उस्मान को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी गई, पर उन्होंने कहा 'जो खतरा मेरे जवानों के लिए है वही मेरे लिए भी है।' कुछ देर बाद दुश्मन का भारी गोला उनके निकट आकर फटा, भारत का एक वीर सपूत अमर शहीद हो गया। शहादत के बाद आपको राजकीय सम्मान के साथ जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली के कब्रिस्तान में दफ़नाया गया। उनके जनाजे में देश के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, केंद्रीय मंत्री मौलाना आजाद, फारूख अब्दुल्लाह जैसी हस्तियों ने शिरकत की। किसी सैनिक के लिए यह स्वतंत्र भारत का बहुत बड़ा सम्मान था।



सर्वोच्च सैनिक सम्मान 'महावीर चक्र' से सम्मानित, ब्रिगेडियर उस्मान बहुत सादगी पसंद थे। उन्होंने शादी नहीं की थी, अपनी तनख्वाह का बड़ा हिस्सा बच्चों की शिक्षा और ज़रूरतमन्दों पर खर्च करते थे। वह अफसर थे लेकिन वैभव से दूर रहते, सैनिकों के साथ भोजन करते थे,उनकी कठिनाइयों को सुनते और सबसे आगे चलकर नेतृत्व करते थे। आज जब समाज कभी-कभी धर्म, जाति, भाषा और पहचान के आधार पर बंटता दिखाई देता है, तब ब्रिगेडियर उस्मान की स्मृतियां हमें याद दिलाती हैं- 'स्वधर्मे निधन श्रेय'। अर्थात अपने कर्तव्य के लिए प्राण देना ही श्रेष्ठ है। उनके लिये भारत की रक्षा ही सबसे बड़ी इबादत थी। जब भी तिरंगा लहराता है, हवा में कहीं न कहीं उस अमर सेनानी की आवाज गूंजती है ।

वतन सबसे ऊपर है



**प्रस्तुति : रिफाकत मिर्जा, बिजनौर**

# लायंस क्लब बिजनौर सिटी ने किया चिकित्सकों का सम्मान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लायंस क्लब बिजनौर सिटी के अध्यक्ष पीयूष कुमार की अध्यक्षता एवं प्रशांत कुमार गोयल, सचिव के संचालन में एक सादे किन्तु भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के चिकित्सकों का सम्मान कार्यक्रम पीयूष कुमार के निवास, कोठी अंटा घर, सिविल लाइन्स, बिजनौर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन ला. सिद्धार्थ अग्रवाल एवं को- चेयरमैन ला. निखिल गहलौत एड. रहे। इस अवसर पर डा. अशोक चौधरी, डा. आर.के. अग्रवाल, डा. फरहान अहमद शम्सी, डा. सी.पी. सिंह, डॉ. अंशु सिंह, डा. आशु आत्रे, डा. नेहा फरहान, डा. मदन मोहन अग्रवाल, डा. योगेंद्र सिंह, डा. साक्षी गोयल, डा. शुभम अग्रवाल, डा. नवनीत गर्ग, डा. टी.सी. अग्रवाल, डा.दानिश







नसीमुद्दीन आदि को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्य ला. अरुण कुमार अग्रवाल, ला. अचल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, ला. जयवीर राठी, ला. एस.के. बबली एड., ला. आशीष जैन, ला. अनुपम मोहन माथुर, ला. पारस अग्रवाल, ला. अरुण कुमार सिंह, ला. जगदीश सचदेवा, ला. सुभाष कुमार, एलएनएस क्लब की अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, एलएनएस नीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, एलएनएस शोभा सिंह, अनीता राठी, मीनू गोयल, यशस्वी गोयल एड., जाह्नवी गोयल, सुजीत कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

## निर्दोष किसानों के साथ अन्याय किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी शुक्रवार को ग्राम आलोपुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित किसान परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनकर हर स्तर पर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि तहसील प्रशासन ने समय रहते निष्पक्ष समाधान नहीं किया तो संगठन व्यापक आंदोलन के लिए मजबूर होगा। भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय संरक्षक बाबा राजेंद्र सिंह मलिक, राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी, मंडल अध्यक्ष रणधावा, प्रांतीय उपाध्यक्ष चौधरी बलराम सिंह तथा युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी गांव पहुंचे। पदाधिकारियों ने कहा कि निर्दोष किसानों के साथ अन्याय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की डीएम व एसपी मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुए छह जुलाई को नजीबाबाद तहसील परिसर में प्रस्तावित महापंचायत से पहले ही निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। उनका कहना था कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। महापंचायत को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों व ग्रामीणों से जनसंपर्क भी किया। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचकर निर्दोष किसानों के समर्थन में आवाज बुलंद करने व न्याय की लड़ाई को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जितेंद्र सिंह, नवीन राजपूत, भूपेंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, तरुण कुमार, भोजराज सिंह, प्रवीण सिंह, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद यशवीर सिंह ने भूपेन्द्र शर्मा के निधन पर शोक जताया



**हल्दौर ( चिंगारी )। नगर ब्राह्मण अध्यक्ष सभा के श्रीश शर्मा के पिता भूपेंद्र कुमार शर्मा ( 72 वर्ष ) का लंबी बीमारी के बाद रविवार को उनके पैतृक गांव बेगराजपुर में निधन हो गया था। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व सांसद यशवीर सिंह ने बेगराजपुर स्थित श्रीश शर्मा के आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने दिवंगत भूपेंद्र कुमार शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार को यह असहनीय दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। पूर्व सांसद ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि भूपेंद्र कुमार शर्मा का जाना समाज के लिए एक अपूर्णीय क्षति है।**

## भाकियू भानु युवा के नगर अध्यक्ष बने शाह आलम

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन ( भानू) के कैंप कार्यालय पर संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश संगठन मंत्री कैफ मलिक शामिल हुए। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों के अधिकारों की रक्षा और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक में सर्वसम्मति से शाह आलम मलिक



को युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर युवा जिला उपाध्यक्ष अराज मलिक, युवा जिला संगठन मंत्री नवाज मलिक, जिला मंत्री चौधरी अनिल कुमार और युवा ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद सैफी भी मौजूद रहे।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# सीएचसी में भर्ती मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित की



**नगीना ( चिंगारी )।** पेट्रोलियम विश्वविद्यालय, देहरादून के विद्यार्थियों ने दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित की। शुक्रवार की पूर्वाह्न पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून के इंटर्नशिप छात्र-छात्राओं ने दिव्य सेवा संस्थान के स्वयंसेवकों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां पर भर्ती मरीजों, उनके तीमारदारों व दूर दराज से आए जरूरतमंदों को केले, पानी की बोतलें, बिस्कुट तथा अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की। प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि अस्पताल में दूर-दराज से आने वाले अनेक मरीज एवं उनके परिजन लंबे समय तक अस्पताल में रहते हैं। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की हर संभव सेवा करना है। कार्यक्रम में इंटर्नशिप छात्र-छात्राओं में ग्रुप लीडर मेहुल सेठी, पावनी, नियति, सौम्या अग्रवाल, देव, धैर्य, लक्ष्य, प्रबंधक संजय शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान आदि रहे।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित करते दिव्य सेवा संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा**

# भारत में हैं 5 जादुई जल स्त्रोत

## जहां नहाने से पुरानी से पुरानी बीमारियां होती हैं ठीक

भारत में ऐसी कई रहस्यमय कहानियां, चीजें, किस्से आदि हैं, जिन पर विश्वास करना न करना यह आप पर निर्भर करता है। ऐसे ही हैं 5 जादुई जल स्त्रोत, कहा जाता है कि अगर व्यक्ति इन स्त्रोतों में डुबकी लगा ले तो उसके सभी रोग दूर हो जाते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारत दुनिया के विविध देशों में एक है। इस खूबसूरत देश के हर कोने में आपको कोई न कोई ऐसी चीजें या बातें जरूर मिल जाएंगी, जो आपको अचरज में डाल सकती हैं। हालांकि इनमें से कुछ हम देखें तो तर्क वितर्क के मामले में खरी नहीं उतरतीं। आप विश्वास करें या न करें, लेकिन भारत भर में कई जगहों पर स्थानीय लोगों का मानना है कि कुछ खास तरह के पानी के स्त्रोत में नहाने से शरीर की सभी बीमारियां ठीक हो जाती हैं। इनका यह भी मानना है कि डुबकी मारने से शरीर के रोग तो ठीक होते ही हैं, और अगर किसी व्यक्ति की लंबे समय से चली आ रही बीमारी पीछा नहीं छोड़ रही है तो वो भी डुबकी लगाकर उन बीमारियों से ठीक हो सकता है।

### गुरुडोंग्मार झील

कहां :- उत्तरी सिक्किम, सिक्किम



गुरुडोंग्मार झील भारत की सबसे ऊंची झीलों में से एक है। सिक्किम की इस झील को सिखों, हिंदुओं और बौद्ध तीनों के द्वारा पवित्र माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि गुरु नानक देव जी ने एक बार झील के एक हिस्से को छुआ था और छूते ही वो हिस्सा जम गया था। तब ही से स्थानीय लोगों का दावा है कि अगर कोई व्यक्ति गुरुडोंगमार के पवित्र जल को पीता है तो उसके शरीर में रोगों से लड़ने की ताकत आ जाती है।

### सहस्त्रधारा

कहां :- देहरादून, उत्तराखंड



देहरादून के लोकप्रिय हिल स्टेशन से 20 किमी. दूर, सहस्त्रधारा झरना अपने आप में एक छिपे हुए कोहिनूर की तरह है। यहां के स्थानीय निवासियों का मानना है कि चूंकि यहां का पानी सल्फर से भरपूर है, इसलिए एक डुबकी न केवल शारीरिक बीमारियों को ठीक कर सकती है, बल्कि आपके मानसिक स्तर में भी सुधार लाएगी।

### भीमकुंड

कहां :- छतरपुर, मध्य प्रदेश



साधारण रूपी दिखने वाली प्राकृतिक गुफा के बीच में स्थित भीमकुंड भारत के सबसे रहस्यमय जल निकायों में से एक है। ऐसा कहा जाता है कि यह कुंड महाभारत काल से अस्तित्व में, और कोई भी आजतक इसकी गहराई को माप नहीं पाया है। डिस्कवरी चैनल का एक दल भी इस रहस्यमय जल निकाय की गहराई का सच ढूंढ नहीं पाया। साथ ही, प्राकृतिक आपदा के दौरान यहां का जल स्तर हर बार बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि विशेष रूप से मकर संक्रांति पर भीमकुंड में डुबकी लगाने से आपके स्वास्थ्य में तो सुधार होता ही है साथ सभी पापों से भी मुक्ति मिल जाती है।

### मणिमहेश


कहां :- मणिमहेश रेंज, हिमाचल प्रदेश



**कैलाश चोटी की तलहटी में बनी इस ऊंची झील को अपनी जादुई शक्तियों के लिए जाना जाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि यहां का पानी मांसपेशियों को मजबूत करने के साथ-साथ शरीर के घावों को भी ठीक करता है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु इस पवित्र झील में डुबकी लगाने आते हैं और तीन बार इसकी परिक्रमा भी लगाते हैं।**

### गंगनानी

कहां :- गंगोत्री, उत्तराखंड



**यह छोटा गांव प्रसिद्ध गंगोत्री मार्ग पर पड़ता है। यहां आने-जाने वाले भक्त गर्म पानी में डुबकी जरूर लगाकर जाते हैं। यहां आए हुए कई यात्रियों का मानना है कि डुबकी लगाने से उनका शरीर तरोताजा महसूस तो करता ही है, साथ ही उनके शरीर के रोग भी दूर हो गए हैं।**

# गर्मियों में किसी वरदान से कम नहीं बेल का जूस

**गर्मी का मौसम आते ही हम हर तरह के फल का जूस बनाकर पीना शुरू कर देते हैं। यह स्वाद भी देते हैं और शरीर में पानी की कमी को पूरा करने का काम भी करते हैं। लेकिन आजकल इतनी महंगाई बढ़ गई है कि 100-200 रुपये किलो से नीचे तो कोई फल मिल ही नहीं रहा है। ऐसे में फल घर लाकर कैसे खाया जाए और कैसे उसका जूस बनाया जाए ? लेकिन आपको इतना भी परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि एक फल है जो 40-50 रुपये किलो बाजार में बिक रहा है और फाइबर से भरपूर है। बहुत से लोगों को घर पर बेल का जूस बनाना नहीं आता है, ऐसे में वह बाजार से खरीकर पीते हैं, जिसकी साफ-सफाई में बनने की संभावना भी कम होती है। इसलिए आज हम आपको इस लेख में घर पर बेल का जूस बनाने का तरीका और कई फायदों के बारे में बताने वाले हैं।**

**बेल का जूस बनाने का तरीका:-** बेल का जूस बनाने के लिए सबसे पहले आप बेल लाएं और उसे अखरोट की तरह फोड़ दें। अब इसके अंदर से निकलने वाले गूदे को एक पतीले में निकाल लें। इसके बाद पतीले में पानी भरें और फिर गूदे को हाथों से मलकर बीज अलग कर दें। बेल पका हुआ ही लें ताकि बीज अलग करने में परेशानी न हो। इसके बाद जूस को छान लें। क्योंकि इसके गूदे में बहुत ही अधिक फाइबर होता है, इसलिए एक बार पानी के साथ गूदे को मिक्सी में घुमा लें और फिर छान लें, ताकि पोषक तत्व कूड़े में जाने की बजाय शरीर में जाएं।

**ऐसे लाएं बेल के जूस में स्वाद:- छानकर निकले बेल के जूस को आप ऐसे भी पी सकते हैं, वरना इसमें पुदीने की पत्ता, बर्फ, आधा चम्मच सेंधा नमक और थोड़ा सा भूना हुआ जीरा डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। लीजिए तैयार पर बेल का जूस, जिसे पीकर आप अपने पेट की गर्मी को काट सकते हैं और शरीर को ठंडा रख सकते हैं।**





**बेल का जूस गर्मी को रखता है दूरः- बेल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए गर्मियों में इसे अधिक मात्रा में पिया जाता है। यह तेज लू से बचाने में बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होती है। केले या मैंगो शेक से बेहतर है कि आप बेल का जूस पीना शुरू कर दें। यह बाजार में सस्ते दाम पर भी मिल जाता है, इसलिए हर आय वर्ग के लिए किफायती भी है।**

**एनर्जी देता है और पेट के लिए अच्छा होता है :-** बेल के जूस में कार्बोहाइड्रेट और नेचुरल शुगर होती है, जो तेज गर्मी से होने वाली थकान को कम करने में मदद करती है और शरीर में एनर्जी लाती है। इसके अलावा बेल के जूस में फाइबर होता है, जो पेट से जुड़ी समस्याओं को होने से रोकता है और गट को हेल्दी रखता है। बेल के जूस की तासीर ठंडी होती है और फाइबर रिच होने की वजह से यह गट को भी हेल्दी रखता है। इसमें नेचुरल मिठास होती है, इसलिए डायबिटीज के मरीजों के लिए भी फायदेमंद है। लेकिन बिना डॉक्टर या डाइटिशियन की सलाह के इनटेक न करें।

# धींवरपुरा की महिलाओं ने मोर्चा खोला देशी शराब की दुकान पर धावा बोला

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम धींवरपुरा में देशी शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने शराब की दुकान के सामने जमकर हंगामा काटते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित महिलाएं दुकान के गेट को तोड़ने पर उतारू हो गईं। ग्रामीणों का विरोध देखकर दुकान पर मौजूद सेलमैन दुकान का ताला लगाकर वहां से भाग खड़ा हुआ। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पिछले लगभग तीन वर्षों से एक मकान में देसी शराब की दुकान संचालित हो रही है। दुकान के निकट धार्मिक स्थल (मंदिर) होने के बावजूद यहां दिन-रात शराब की बिक्री होती है। आरोप है कि देर रात तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है। आएदिन शराब के नशे में विवाद और झगड़े होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों द्वारा मौके पर पहुंची पुलिस को जिलाधिकारी के नाम दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि शराब की दुकान के




कारण गांव का वातावरण प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराबियों की आवाजाही से उन्हें घरों से निकलने में असहजता होती है तथा बच्चों पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से दुकान को गांव से अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। प्रदर्शन में सुनील, भूपेंद्र, मुकेश, माया देवी, ओमवती, कविता, कौशल, वनिता, मुकेश देवी, सुमित्रा, गंगा, छाया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सूचना मिलने पर थाना हीमपुर दीपा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से वार्ता कर स्थिति को शांत कराया। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो वे गांव स्तर पर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मामले में आबकारी निरीक्षक कुसुमाकर धर का कहना है कि गांव में दुकान काफी समय से संचालित है। हंगामे की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान कराने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# जट नंगला में देखे गये दो गुलदार



**स्योहारा (चिंगारी)।** क्षेत्र के गांव जट नंगला में बीती रात को दो गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जोगेंद्र सिंह उर्फ जौनी के ट्यूबवैल पर गुलदार देखे गये थे। नौबहार सिंह ने बताया कि कई बार वन विभाग को सूचना दी गयी, लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की गयी। लोगों को अपनी जान का खतरा बना हुआ है। किसान डर-डरकर जंगल जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा समय रहते गुलदारों को नहीं पकड़ा गया तो ये आदमखोर हो जाएगे और लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा। वन विभाग से इस सम्बंध में जानकारी करनी चाही तो फोन नहीं उठा।



# ट्यूशन पढ़कर लौट रही छात्रा पर कुत्तों ने किया हमला

**स्योहारा (चिंगारी)।** ट्यूशन से पढ़कर आ रही छात्रा को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। परिजन छात्रा को सरकारी अस्पताल लेकर गये और एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाया। शुक्रवार की शाम लगभग 5 बजे मोहल्ला मिल्कियान निवासी 9 वर्षिय पवित्रा पुत्री अजय कुमार ट्यूशन पढ़कर घर वापस आ रही थी। जैसे ही वह घर के पास पहुंची तो आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गयी। राहगीरों ने कुत्तों से छात्रा को छुड़वाया और घर पहुंचाया।

# पत्नी ने किया साथ चलने से इंकार पति ने ब्लेड से किया खुद पर प्रहार

**स्योहारा (चिंगारी)। ससुराल से अपनी पत्नी को लेने आये युवक से जब पत्नी ने साथ जाने से इंकार कर दिया तो गुस्साए युवक ने ब्लेड मारकर अपनी जान देने का प्रयास किया। युवक के परिजनों ने ससुराल वालों पर आरोप लगाए लेकिन पुलिस जांच में सच सामने आया। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया।**



शुक्रवार को गांव ढाकी मसीद थाना हीमपुर दीपा निवासी वाहिद पुत्र रहीस लहुलुहान हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचा, जहां से उसको हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। युवक के परिजनों ने बताया कि उसे ससुराल वालों ने घायल कर दिया। पुलिस जांच में जुटी तो सच सामने आया। सूत्रों से ज्ञात जानकारी के अनुसार वाहिद अपनी ससुराल रवाना में बृहस्पतिवार को आया था। उसने डेढ़ महीने से ससुराल में रह रही अपनी पत्नी शमीना को साथ चलने को कहा, जिस पर पत्नी ने शर्त रखी कि वह नशे को छोड़ देगा तो उसके साथ चलेगी, लेकिन युवक को गुस्सा आया और कहासुनी हो गयी। जिसके बाद ससुराल में खाना खाकर वह पास में ही अपनी तहेरी बहन के घर चला गया। शुक्रवार की शाम लगभग 3 बजे वह अपनी ससुराल पहुंचा और फिर पत्नी से साथ चलने के लिए कहा, जिस पर उसने मना कर दिया और यही शर्त रखी कि नशा छोड़ दे तो वह साथ चलेगी। जिससे गुस्से में आकर वाहिद पास की एक दुकान पर गया और ब्लेड लेकर शौचालय में चला गया। शौचालय से जब वाहिद निकला तो वह लहुलुहान था।

# दो दिन राहत मिली बस फिर वही गर्मी और उमस

**नांगल सोती (चिंगारी)।** पिछले दिनों हुई बारिश से एक-दो दिन की राहत मिलने के बाद कल से पुन: भयंकर गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण एक बार फिर लोग बेहाल हैं तथा बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे हैं। मंगलवार-बुधवार की रात्रि में तथा बुधवार को दिन में बारिश हुई थी, जिससे कई दिनों से पड़ रही असहनीय, भयंकर गर्मी से भारी राहत मिली थी। बुधवार को मौसम खुशगवार रहा। एक-दो दिन लोगों को थोड़ी राहत मिली। मगर कल से एक बार फिर भयंकर गर्मी का प्रकोप शुरू हो गया है। लोग पुन: पसीने से लथपथ हो रहे हैं। एक बार पुन: पंखे, कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। मौसम में रिकॉर्ड उमस मौजूद है। कभी-कभी आसमान में हल्के-फुल्के बादल आते हैं, तो मामूली सी राहत महसूस होती है। लेकिन जब धूप निकलती है, तो ततैये के डंक की भांति चुभती होती है।

# ट्रैक्टर के सामने गुलदार आया वन विभाग ने पिंजरा लगाया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में ट्रैक्टर के सामने गुलदार आ जाने की खबर पर सामाजिक वानिकी ने एक किसान के नलकूप के पास पिंजरा लगाया है। हालांकि एक खेत में गुलदार के शावक होने की बात भी कही गई थी, मगर फोटो देखने पर वे जंगली बिल्ली के बच्चे निकले। गांव निवासी किसान राशिद ने बताया कि उसका पड़ोसी किसान जग्गन जब खेत में ट्रैक्टर चला रहा था, तो गुलदार उसके ट्रैक्टर के सामने आकर खड़ा हो गया था। वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि गुलदार सामान्यत: इस तरह ट्रैक्टर के सामने आकर खड़ा नहीं होता है। फिर भी किसान की बात पर विश्वास कर पिंजरा लगाया गया है। किसान राशिद ने अपने खेत में गुलदार के दो शावक होने की भी बात बताई थी। मगर फोटो देखे गये, तो वे जंगली बिल्ली के बच्चे निकले।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस ओरिएंटेशन का सफल आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के लिए मॉडल यूनाइटेड नेशंस ओरिएंटेशन सेशन का सफल आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को एम.यू.एन की कार्यप्रणाली, वैश्विक मुद्दों की समझ, प्रभावी संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता तथा तार्किक चिंतन से परिचित कराना था।

इस अवसर पर एडवोकेट प्रियांशु ग्रोवर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। प्रियांशु ग्रोवर चार बार टेड्क्स स्पीकर, ग्लोबल लाइफ़ स्किल्स कोच, इम्पैक्ट कंसल्टेंट तथा एस्पिरेंट लर्निंग के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। उन्होंने भारत सहित विश्वभर में 40,000 से अधिक विद्यार्थियों को नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और जीवन कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया है। एडवोकेट प्रियांशु ग्रोवर ने महिला एवं बाल



विकास मंत्रालय, भारत सरकार सहित अनेक प्रतिष्ठित विधि संस्थानों, नीति-निर्माण संगठनों एवं वरिष्ठ आपराधिक एवं संवैधानिक अधिवक्ताओं के साथ कार्य किया है। उन्होंने विधि, सामाजिक एवं शोध क्षेत्रों में 15 से अधिक इंटर्नशिप पूर्ण की हैं तथा अनेक शोध प्रकाशनों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर भी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एम.यू.एन जैसे मंच न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, कूटनीतिक सोच, प्रभावी संचार कौशल तथा वैश्विक दृष्टिकोण का भी विकास करते हैं।

# बारात आने से पहले दूल्हे की पूर्व पत्नी आ धमकी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में शुक्रवार की दोपहर एक विवाह समारोह की तैयारियों के बीच उस समय घंटों हाई वोल्टेज ड्रामा रहा जब बारात पहुंचने से कुछ देर पहले ही खुद को पहले से ही दूल्हे की पत्नी बताने वाली एक महिला वहां पहुंच गई, जिसने दावा किया कि बारात लेकर आने वाला दूल्हा उसका पति है और उससे एक तीन वर्षीय पुत्र भी है। त्रिलोकपुर निवासी एक व्यक्ति ने करीब चार माह पहले अपनी पुत्री का विवाह रामपुर जिले के टांडा बादली क्षेत्र के ग्राम खजुआखेड़ा निवासी एक युवक से तय किया था। गुरुवार को लड़की पक्ष वालों ने दूल्हा पक्ष के यहां जाकर लग्न की रस्म पूरी कर दी थी। शुक्रवार की दोपहर बारात आनी थी। बारात के स्वागत एवं भोजन आदि की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण थीं। बारात के आने का इंतजार था, जो रास्ते में आ रही बताई जा रही थी कि इसी बीच जिला रामपुर के थाना स्वार क्षेत्र के ग्राम पस्तौर (हाल निवासी थाना काशीपुर क्षेत्र, उत्तराखंड) की एक महिला अचानक वहां आ धमकी और फिर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। महिला ने बताया कि बारात लेकर आने वाला युवक उसका पति है जिसने

## टूट गई शादी, बारात रास्ते से ही वापस लौटी

करीब पांच वर्ष पहले राजस्थान स्थित एक मंदिर में उससे विवाह किया है जिससे तीन साल का एक पुत्र भी है। महिला का आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न किया जाने लगा और फिर उसे बच्चे सहित घर से निकाल दिया गया। महिला के दावे से दुल्हन पक्ष में हड़कंप मच गया और उधर मामले की भनक लगते ही दूल्हा और बाराती गांव में नहीं पहुंचे और अनहोनी के डर से बीच रास्ते से ही वापस लौट गए। दुल्हन के पिता का कहना है कि अब वह इस लड़के से अपनी बेटी की शादी नहीं करेंगे और मामले को समाज के गणमान्य लोगों के समक्ष रखेंगे। दुल्हन बनी बैठी युवती एवं तैयारियों में लगे परिजनों के अरमानों पर पल भर में ही पानी फिर गया। सूत्रों की माने तो दूल्हे की पत्नी होने का दावा करने वाली महिला का भी इस युवक से दूसरा विवाह था। इस महिला के पहले पति ने इससे संबंध विच्छेद कर दूसरा विवाह कर लिया था। इस संबंध में जानकारी हेतु दूल्हा पक्ष से संपर्क करना चाहा लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। कल्लूवाला पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, तहरीर आई तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# अर्थ एवं संख्याधिकारी को विदाई दी




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी धर्मवीर सिंह सैनी को मेरठ के लिए स्थानांतरण होने पर ससम्मान विदाई दी गई। वक्ताओं ने कहा कि श्री सैनी ने अपने कार्यकाल के दौरान विभागीय कार्यों को पूरी निष्ठा एवं कार्यकुशलता के साथ संपन्न किया। उनके कुशल दिशा-निर्देशन में जनपद में सांख्यिकीय आंकड़ों के संकलन और आर्थिक विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के मूल्यांकन में विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की। अपने सम्बोधन में धर्मवीर सिंह सैनी ने बिजनौर में अपने कार्यकाल के दौरान सभी उच्चाधिकारियों, सहकर्मियों और स्टाफ से मिले सहयोग व स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर, फूलमालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।



## सूचना

मेरा नाम पासपोर्ट में मौ. आदिल MOHD ADIL पिता मौ. हनीफ MOHD HANIF लिखा है, जबकि मेरा सही नाम मौ. आदिल MOHD AADIL पिता मौ. हनीफ MOHD HANEEF है। - **मौ. आदिल पिता मौ. हनीफ,** निवासी मौहल्ला रहमतपुरा, कोतवाली, तहसील नगीना, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर।


# सतवंत सलूजा को सम्मानित किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, धामपुर इकाई द्वारा शुक्रवार को एक गेस्ट हाउस में आयोजित सम्मान समारोह में सरदार सतवंत सिंह सलूजा को उत्तर प्रदेश गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर शॉल ओढ़ाकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल प्रभारी जावेद रहमान शमसी नगर अध्यक्ष एस.पी. सलूजा ने कहा कि यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके समर्पण, सेवा भावना एवं कार्यशैली का सम्मान है। सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने कहा कि संगठन द्वारा दिया गया यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए समाज, व्यापारियों तथा संगठन के हित में सदैव कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर सुहैल डिज़ाइनर, असलम फरीदी, अरुण अग्रवाल, सलमान फरीदी, रविंदर सिंह सिडाना, राशिद हुसैन, हैदर अली आढ़ती, मोहम्मद आसिफ, सौरभ अग्रवाल, त्रिलोचन सिंह चावला, रोमियो, मयूर उपस्थित रहे।

# बिहार में ग्रामीण विकास अधिकारी बनी शिवांगी को सम्मानित किया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा कुमारी शिवांगी सिंह का बिहार लोक सेवा आयोग में ग्रामीण विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। शुक्रवार को विद्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षकों के अनुसार शिवांगी शुरू से ही होनहार रही है। शिवांगी ने वर्ष 2015 में हाई स्कूल की परीक्षा 88 प्रतिशत अंकों से एवं 2017 में इंटरमीडिएट की परीक्षा 91 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के कोषाध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, अध्यक्ष डा. सुनील कुमार राणा, प्रबंधक हर्षवर्धन सिंह, उप प्रबंधक डा. नरेश चंद त्यागी व कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य पूरन सिंह ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर किया हवन-यज्ञ

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित के एम इंटर कॉलेज मे नवीन सत्र प्रारंभ होने पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य यजमान विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, उप प्रधानाचार्य नीरज बिंदल रहे। इस अवसर पर संजय कुमार वर्मा ,निर्दोष कुमार, महेंद्र सिंह, रामआसरे, जेपी आर्य, सुरेश कुमार, श्रीमती हेमलता, डॉक्टर रेखा रानी, सविता रानी, मीनाक्षी देवी, अर्चना देवी आदि ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए परमपिता परमेश्वर से समाज, देश एवं राष्ट्र में खुशहाली का वातावरण बनाए रखने की प्रार्थना की। सामूहिक पूजन कार्यक्रम को सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी के पुजारी आचार्य पंडित अश्वनी कुमार शर्मा ने संपादित कराया। प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र ने बताया कि उनके कार्यकाल में शुद्धिकरण एवं विद्यालय में संस्कारित वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से इस सामूहिक पूजन एवं हवन यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ 2022 में प्रारंभ हुआ था, जो निरंतर जारी है।

# तारिक मसरूर बने व्यापारी परिषद के जिला प्रभारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शुक्रवार की शाम व्यापारी एकता परिषद की बैठक इंडिया हेल्थ केयर काजीपाड़ा पर संपन्न हुई, जिसका संचालन तारिक मसरूर ने किया। अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नईम अहमद ने की। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी, मंडल प्रभारी मो. काशिफ उपस्थित रहे।




बैठक में इंडिया हेल्थ केयर के स्वामी तारिक मशरूर को संगठन का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार को जल्द ही व्यापारी सुरक्षा आयोग का गठन करना चाहिए। प्रदेश के प्रवक्ता चरण सिंह, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद अंसारी, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा विजय मोहन गुप्ता, जिला मंत्री जितेंद्र खरबंदा, जिला मंत्री राजीव कुमार, नगर अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद, जिला संगठन मंत्री तुफैल अहमद, लीगल एडवाइजर अंशुल कुमार, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' रैली निकाली




**धामपुर ( चिंगारी )।** शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक रैली का खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान ने हरी झंडी दिखाकर किया। इससे पूर्व कार्यालय पर आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। गोष्ठी में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा, हेमलता चौहान ने प्राइमरी एवं जूनियर वर्ग के बच्चों को सरकार द्वारा लागू की गई शिक्षा नीति के बारे में बताया। उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। रैली में शामिल नगर क्षेत्र के प्राइमरी व जूनियर हाई स्कूल के बच्चे हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली में खंड शिक्षा अधिकारी एमएल त्रिवेदी, विवेक बंसल, नीरज चौहान, कविता रानी, अलका, कुमकुम, सत्यपाल सिंह, अरुण, लक्ष्मण सिंह, देवराज, अखिल, उमर, नरपत सिंह, सुधांशु, सुनीता देवी, विनेश, सनी वर्षा, अफजाल, मुकेश कुमार, रितेश उमर आदि लोग शामिल रहे।

# अमिट छाप छोड़ गये कोतवाल मृदुल सिंह

**धामपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह का पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने अफजलगढ़ के लिए स्थानांतरण कर दिया है। उनके स्थान पर नहटौर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह को धामपुर कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। लगभग 8 माह पूर्व बढ़ापुर से धामपुर कोतवाली स्थानांतरित होकर आए मृदुल कुमार सिंह ने अपनी कार्यप्रणाली और व्यवहार से जनता को संतुष्ट करने का प्रयास किया। फोन पर बात करते समय वह हमेशा यही कहते थे 'हां भैया बताओ' और उसके बाद शिकायत सुनते थे। शुक्रवार की रात अचानक उनका स्थानांतरण आदेश आ गया।

# इंस्टाग्राम रील ने खोली लाखों की चोरी की कहानी, जब चुराये गये गहने पहने दिखी घर की नौकरानी

## एसएसपी ने पुलिस टीम को दिया पुरस्कार



**देहरादून ( चिंगारी )।** दून पुलिस ने एक साल पहले लाखों के गहने चोरी होने के मामले में एक नौकरानी को गिरफ्तार किया है। नौकरानी का सोशल मिडिया पर इस्टेटस देखने के बाद सारे मामले का खुलासा हुआ। दून आइटी पार्क में रहने वाली एक महिला के एक वर्ष पहले हीरे व सोने के लाखों रुपये के गहने चोरी हो गए थे। उन्होंने खुद गहनों की तलाश की और पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन गहनों का कहीं पता नहीं लग पाया। नौकरानी पर शक हुआ, लेकिन नौकरानी उनके साथ खुद पुलिस के पास शिकायत करने के लिए पहुंची तो उन्हें उस पर विश्वास हो गया। नौकरानी के वाट्सएप स्टेट्स व इंस्टाग्राम रील देखी तो उसमें उसने वहीं गहने पहने हुए हैं। शिकायत के आधार पर राजपुर थाना पुलिस ने नौकरानी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में नितिशा वत्स निवासी सिक्का किमाया ग्रीन दून आइटी पार्क ने बताया कि एक वर्ष पूर्व जब वह दून रिपब्लिक अपार्टमेंट भागीरथी पूरम जाखन में निवास कर रही थी तो उनके निवास से दो हीरा जड़ित अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक हीरा जड़ित पेंडेंट चोरी हो गए। उन्हें नौकरानी विमला देवी पर संदेह हुआ। जब उससे इस संबंध में विमला देवी से पूछताछ की तो उसने गहने चोरी करने से साफ मना कर दिया और कहा कि इसकी पुलिस में शिकायत करेंगे। उस समय उन्होंने पूरा सहयोग दिखाया और खुद भी पुलिस के पास शिकायत करने के लिए गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि विमला देवी के व्यवहार को देखते हुए विश्वास हुआ कि गहने किसी और ने चुराए हैं। 29 जून की सुबह उन्होंने विमला देवी के वाट्सएप स्टेट्स और इंस्टाग्राम रील देखी तो उसमें वह उनके ही गहने पहने दिखाई दे रही है। अब उन्हें यकीन हो गया है कि गहने विमला देवी ने ही चोरी किए थे। इस मामले में उन्होंने 29 जून को जाखन पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दी लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। बताया गया है कि वर्तमान में चौकी में महिला कांस्टेबल उपस्थित नहीं है। इस मामले में राजपुर थाना पुलिस ने महिला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को जोहड़ी रोड से आरोपित महिला विमला देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया एक हीरे का हार, सोने का लॉकेट, दो सोने की अंगूठियां, एक सोने का पेंडल तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है।

## लॉकर में रखे आभूषण देखकर लालच आया

**पूछताछ में विमला ने स्वीकार किया कि वह नितिशा वत्स के घर घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। उसने घर के लॉकर में रखे महंगे आभूषण कई बार देखे थे, जिससे उसके मन में चोरी करने का लालच आ गया। मौका मिलते ही उसने लॉकर से गहने चुरा लिए। चोरी के बाद उसने मालकिन को भरोसे में लेकर यह यकीन दिलाया कि गहने शायद कहीं और रख दिए गए होंगे। महिला ने बताया कि उसने कई बार चोरी के आभूषण बेचने की कोशिश की, लेकिन महंगे हीरे के आभूषण होने के कारण वह सफल नहीं हो सकी। पुलिस ने आरोपीत विमला, निवासी लखीमपुर खीरी ( उत्तर प्रदेश ), हाल निवासी बापू नगर, जाखन, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। घटना का सफल अनावरण करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी देहरादून ने 2,500 रुपये के नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।**

# शिकायतकर्ता को सुने बिना ही लेखपाल ने रिपोर्ट भेजी

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर नगर में गौवंश की दुर्दशा को देखकर गौशाला के निर्माण हेतु ग्राम जैतरा निवासी गौ सेवक गौतम गिरि ने 20 जून को तहसील समाधान दिवस में एक प्रार्थना पत्र देकर मांग की थी कि ग्राम रसूलपुर इम्मा तथा ग्राम मीमला में चारागाह की भूमि का निरीक्षण करके उसे राजस्व विभाग द्वारा गौशाला के लिए चिन्हित कर दिया जाए। गौसेवक गौतम गिरि का कहना है कि उन्होंने समाधान दिवस में दी गई शिकायत को जनसुनवाई पोर्टल पर अपलोड करके उसके बाद लिखित रूप में समाधान दिवस में दिया था। आरोप है कि लेखपाल धामपुर प्रभात चौधरी ने पोर्टल पर एक फोटो डालकर रिपोर्ट दी है कि गौशाला निर्माण के लिए कस्बा धामपुर के निकट भूमि तलाशी जा रही है, लेकिन अभी उपयुक्त जमीन नहीं मिल पाई है।

गौतम गिरि का कहना है कि जनसुनवाई पोर्टल पर लेखपाल द्वारा फोटो डालकर जो रिपोर्ट भेजी गई है, उस फोटो में



लेखपाल द्वारा पोर्टल पर डाला गया फोटो।

शिकायतकर्ता मौजूद नहीं है। उनका कहना है कि शिकायत कर्ता की बात सुने बिना ही रिपोर्ट भेज दी गई है। उन्होंने जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उधर, लेखपाल प्रभात चौधरी का कहना है कि उनके द्वारा जल्दी में फोटो लगाकर रिपोर्ट भेज दी गई होगी।

# दूधिया रोशनी से सराबोर होगा स्योहारा चुंगी रोड

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद धामपुर द्वारा नगर का सौंदर्यकरण कराये जाने के अंतर्गत स्योहारा चुंगी रोड पर इकड़ा नदी की पुलिया से मोहल्ला कहारान मछली बाजार चौराहे तक 34 डेकोरेटिव पोल विद एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का कार्य शुरू हो गया है। नगर पालिका के जलकल विभाग के अवर अभियंता विपिन कुमार ने बताया कि यह मार्ग स्योहारा रोड से नगर में प्रवेश करने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां रात के समय अंधेरा रहता था और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि अब इस मार्ग पर 34 डेकोरेटिव पोल विद एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन लाइटों के लगने के बाद यह रोड दूधिया रोशनी से सराबोर हो जाएगी, जिससे रात में इस मार्ग से आने जाने वालों को सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा शीघ्र ही इकडा की पुलिया से जैतरा रेलवे फाटक तक सड़क का निर्माण भी कराया जाएगा।

# ओबीसी व एससी/एसटी वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना शुरू की जाये

## सांसद चन्द्रशेखर ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए नई ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना शुरू किए जाने की मांग की है।



सांसद ने प्रस्ताव रखा है कि छत्रपति शाहूजी महाराज ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना तथा परम पूज्य भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ओवरसीज स्कॉलरशिप योजना शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक संसाधनों के अभाव में ओबीसी, एससी/एसटी वर्ग के अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं विदेश के प्रतिष्ठित विश्व विद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं। पत्र में मांग की गई है कि इन योजनाओं के तहत चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस, रहने-खाने, यात्रा तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाएं। साथ ही चयन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाए जाने का भी आग्रह किया गया है।

# प्रदेश के करीब 8 लाख एएसडी मतदाता बन रहे चुनौती

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में चल रहे एसआईआर अभियान अंतिम चरण में है। दरअसल, राज्य में 8 जून से एसआईआर अभियान शुरू हुआ था, जो 7 जुलाई को पूरा होगा। खास बात यह है कि प्रदेश में करीब 88.99 फीसदी गणना फॉर्म को डिजिटल किया जा चुका है। जहां एक ओर इन सभी डाटा को दुरुस्त कर फाइनल आंकड़ा तैयार किया जाएगा। वहीं, दूसरी ओर पोलिंग बूथ की मैपिंग फिर से की जाएगी, ताकि मतदाताओं के आधार पर पोलिंग बूथों का निर्धारण किया जा सके। इसके साथ ही 14 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिश किया जाएगा।




## 14 जुलाई से नोटिस जारी कर दावे और आपत्तियों का होगा निस्तारण

उत्तराखंड राज्य में कुल 79,60,762 मतदाता हैं। प्रदेश में चल रहे एसआईआर के दौरान इन सभी मतदाताओं को गणना फार्म वितरित किया जा चुका है। खास बात यह है कि प्रदेश के 13 जिलों में से 4 जिले ऐसे हैं, जहां पर एसआईआर अभियान लगभग पूरा हो चुका है। लेकिन इन जिलों में अभी भी बड़ी संख्या में एएसडी मतदाता चिन्हित हैं, जिनको ढूंढा जा रहा है। इनमें अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिला शामिल है। ऐसे में अब इन जिलों में पोलिंग बूथ के पुनर्गठन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखंड विजय कुमार जोगदंडे ने प्रदेश के जिन जिलों में एएसडी श्रेणी में मतदाता पाए गए हैं, जिसमें एब्संेट, शिफ्टेड, डेथ और डब्लिकेट मतदाता चिन्हित होते हैं, तो उसका फिर से परीक्षण करने के निर्देश रोल ऑब्जर्वर और ईआरओ को दिए हैं, अभी 7 जुलाई तक का समय है ऐसे में निर्देश दिए गए हैं कि बीएलओ और बीएलए के साथ बातचीत करते हुए इसका दोबारा से परीक्षण कर लिया जाए। ऐसे में अगर कोई छूटा हुआ व्यक्ति अपना दोबारा फॉर्म भरने में सफल हो जाता है तो उसके फार्म को भी डिजिटलाइज्ड किया जाए।

# जनता की कसौटी पर खरी नहीं उतरी उत्तराखण्ड की धामी सरकार : हरक सिंह

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प यात्रा लैंसडाउन पहुंची। इस अवसर पर लैंसडौन स्थित हिंदू पंचायती धर्मशाला में आयोजित परिवर्तन संकल्प सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना व पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण ने उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया।

सम्मेलन में डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की जनता ने भाजपा को राज्य की सत्ता सर्वांगीण विकास को लेकर सौंपी थी, लेकिन सरकार इस वायदे पर खरा नहीं उतर पाई। राज्य में आज रोजगार, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा का बुरा हाल है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है और भाजपा के संरक्षण में प्रदेश में पेपर लीक माफिया व नौकरियों की नीलामी करने वाले लोग पनप रहे हैं। प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में उत्तराखंड आज हिमालयी राज्यों में पहले पायदान पर पहुंच गया है। यह सब भाजपा सरकार की देन है। पूर्व मंत्री शूरवीर सिंह सजवाण ने कहा कि पिछले साढ़े नौ

## लैंसडौन में कांग्रेस का परिवर्तन संकल्प सम्मेलन आयोजित

वर्षों में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश का बंटाधार कर दिया है इसलिए अब इसको उखाड़ फेंकने की जरूरत है। जिला कांग्रेस कमेटी, कोटद्वार के अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि लैंसडाउन विधानसभा में आए दिन ग्रामीणों पर हमले हो रहे हैं और कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन सरकार प्रभावी कदम उठाने में पूरी तरह विफल रही है। इसलिए इस सरकार को सत्ता में रहने का हक नहीं है। इस दौरान परिवर्तन संकल्प पत्र का भी लोकार्पण किया गया। संकल्प पत्र में कांग्रेस के सत्ता में आने पर महिलाओं की सुरक्षा, अंकिता भंडारी को न्याय, युवाओं को रोजगार, अग्निवीर योजना की समीक्षा, पुरानी पेंशन बहाली, शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, पलायन रोकने, जल-जंगल-जमीन की रक्षा, भ्रष्टाचार पर अंकुश तथा उत्तराखंड के समग्र विकास के प्रमुख संकल्पों को पूरा करने का वायदा किया गया है।

इस दौरान रघुवीर बिष्ट, रामरतन सिंह नेगी, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस रश्मि पटवाल, ब्लॉक अध्यक्ष विक्रांत खंतवाल, रवींद्र नेगी, सुरेंद्र बिष्ट, नगर अध्यक्ष रौशन शाह, वरिष्ठ नेता गंभीर रावत, लक्ष्मण रावत और रूपेंद्र नेगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जोत सिंह तोमर के निधन पर इकाइयों ने जताया शोक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारीखाल के अध्यक्ष संजय तोमर के पिता वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सेवानिवृत्त अध्यापक जोत सिंह तोमर का निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से कांग्रेस परिवार एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार कांडाखाल स्थित श्मशान घाट पर पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। सभी ने स्वर्गीय जोत सिंह तोमर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। वक्ताओं ने कहा कि स्व. जोत सिंह तोमर जीवनभर समाज सेवा, शिक्षा और कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित रहे। उनका निधन कांग्रेस परिवार एवं क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति है। अंतिम संस्कार में जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी यमकेश्वर के अध्यक्ष अनिल रतूड़ी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुगड्डा के अध्यक्ष राजीव जखमोला, बलबीर सिंह रावत, शैलेंद्र सिंह और सुबोध नेगी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सुखरौ नदी से हो रहे कटाव का ऋतु खंडूडी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के ध्रुवपुर क्षेत्र में सुखरौ नदी द्वारा किए जा रहे कटाव की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना तथा सिंचाई विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष को सुखरौ नदी के बढ़ते कटाव से कृषि भूमि, आवासीय क्षेत्रों एवं अन्य परिसंपत्तियों को हो रहे नुकसान के बारे में अवगत कराया, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को कटाव रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक कार्यों की कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने व स्थायी समाधान तलाशने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को मानसून अवधि में जोखिम वाले क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने व किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण रखने के लिए भी निर्देशित किया। इस अवसर पर सिंचाई विभाग, वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# जन समस्याओं को लेकर नागरिक मंच प्रत्येक माह किया करेगा धरना-प्रदर्शन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नागरिक मंच की मासिक बैठक में नगर निगम द्वारा जनता की समस्याओं की अनदेखी करने पर हर महीने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

व्यापार संघ सभागार में शुक्रवार को मंच अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी की अध्यक्षता में आयोजित मंच की बैठक में सर्वप्रथम बेस अस्पताल परिसर में किए गए धरना प्रदर्शन व नगर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त से की गई वार्ता की समीक्षा की गई। बैठक में कहा गया कि जनता को ट्रिपल इंजन सरकार से काफी आशाएं थीं, लेकिन सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पा रही है। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 15 वर्षों से रहने वाले व्यक्तियों को एक विशेष कार्ड बांटे जाने की घोषणा पर विरोध जताया गया। कहा गया कि पहले तो सरकार ने मूल निवास के स्थान पर स्थायी निवास की परंपरा शुरू कर मूल निवासियों के हक को छीना है और अब 15 वर्ष वालों को भी यहां का स्थायी निवासी बनाने की तैयारी की जा रही है, जो प्रदेश में जन्म से रह रहे व्यक्तियों के साथ अन्याय है। बैठक में महासचिव अतुल भट्ट, मुजीब नैथानी, देवव्रत काला, गोविंद डंडरियाल, केसीराम निराला, हर्षवर्धन ध्यानी और शंकर दत्त गौड़ सहित मंच के अन्य सदस्य शामिल रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे की सड़क धंसने पर प्रोजेक्ट मैनेजर समेत 2 सस्पेंड, कंपनी को नोटिस

**दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर सड़क धंसने के मामले में कार्रवाई की गई है। टीम लीडर का काम संभाल रहे कुलदीप राजदान और ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर नागेंद्र पाल सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, चौतन्या प्रोजेक्ट्स कंसल्टेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. जल्द और भी कार्रवाई की जाएगी।**

**देहरादून ( चिंगारी )।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर सड़क धंसने के मामले में बड़ा एक्शन लिया गया है। एनएचएआई ने टीम लीडर और प्रोजेक्ट मैनेजर को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, सीपीसी कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी करके तीन दिन के अंदर अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है। मामला दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से जुड़ा है, जहां गुरुवार को मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित खेड़ा मस्तान गांव के पास बारिश की वजह से सड़क बीच से धंस गई थी। इसके बाद वहां से गुजर रही एक यात्री की कार फंसकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने गड्ढों का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था और एक्स हैंडल के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से भी शिकायत की थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आने पर एनएचएआई की टीम हरकत में आई और आनन-फानन में एक्सप्रेस-वे पर बने गड्ढों को भरवाया गया। वहीं, अब इस मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कार्रवाई करते हुए टीम लीडर का काम संभाल रहे कुलदीप राजदान और ठेकेदार के


पहली बारिश से दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर गड्ढे।

प्रोजेक्ट मैनेजर नागेंद्र पाल सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही चौतन्या प्रोजेक्ट्स कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### एनएचएआई प्रोजेक्टर डायरेक्टर कहिन-

**इस मामले में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि**

# तीन विद्यालयों को एक करने का निर्णय लिया राजकीय शिक्षक संघ ने इसका विरोध किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय शिक्षक संघ की ज़िला कार्यकारिणी ने शिक्षा विभाग द्वारा राउमा वि आमसौड़ व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज दुगड्डा का राइंका दुगड्डा में विलय करने का विरोध किया है।

इस संबंध में ज़िलाध्यक्ष भवान सिंह नेगी व ज़िला मंत्री बिजेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में राउमावि आमसौड़ में 51 व राजकीय बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज दुगड्डा में 50 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं फिर भी विभाग द्वारा इन स्कूलो का विलय करके छात्र-छात्राओं को आठ से दस किलोमीटर दूर इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज दुगड्डा भेजने की तैयारी की जा रही है। बताया कि राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमसौड़ में जमरगड्डी, झवाणा, सुनार गांव व आमसौड़ के छात्र-छात्राएं अध्ययन हेतु आते हैं, विद्यालय के विलय होने से उन्हें रोज आठ से दस किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा, जिससे उनकी पढ़ाई में भी व्यवधान आयेगा। साथ में दुगड्डा कोटद्वार मार्ग की स्थिति बरसात में काफी खराब रहती है, पहाड़ी से बोल्डर गिरने का भय लगातार बना रहता हैं। क्षेत्र में हाथी व गुलदार भी सक्रिय हैं, जिससे बच्चों को कभी भी जान-माल का नुकसान हो सकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत द्वारा अपने वक्तव्य में प्रदेश में किसी भी स्कूल को पर्याप्त छात्र संख्या होने पर बंद नहीं किए जाने को कहा गया था, लेकिन इन स्कूलों में छात्र संख्या पर्याप्त होने के बावजूद भी इन्हें बंद किया जा रहा है। चेतावनी दी कि विभाग के इस तरह के फरमानों के खिलाफ संगठन आंदोलन पर बाध्य होगा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

EXTRA PAGE 1.qxd 7/3/2026 8:34 PM Page 1



# जब महमूद टॉफियां बेचते थे



फ़िल्म जगत

**बद्रीप्रसाद जोशी**

हास्य अभिनेता महमूद का जन्म मुंबई के उपनगर भायखला में हुआ। बाद में वे अपने परिवार के साथ मछुआरों की बस्ती मलाड में रहने लगे। महमूद के पिता मुमताज़ अली बॉम्बे टॉकीज में काम करते थे। महमूद पढ़ने-लिखने में शुरू से ही काफी कमजोर थे और अभिनय का शौक रखते थे। शायद इसीलिए उन्होंने अपने बचपन से ही फिल्म कलाकार बनने का सपना दिल में संजो लिया था। जब वे मुश्किल से10 साल के थे, उन्होंने बॉम्बे टॉकीज की किस्मत में अशोक कुमार के बचपन का रोल किया। वह रोल उन्हें पिता के सहयोग से मिला था। इस फिल्म के दिग्दर्शक थे ज्ञान मुखर्जी।

बाद में महमूद ज्ञान मुखर्जी के ड्राइवर बन गये। इस पेशे में महमूद का दिल इसलिए लगा, क्योंकि अपने मालिक के साथ उन्हें रोजाना स्टूडियो जाने और फिल्मी सितारों के नजदीक से देखने का अवसर मिलने लगा। बाद में उन्होंने गीतकार भरत व्यास, राजा मेहदी अली खां, फिल्म निर्माता पीएल संतोषी के यहां भी कार ड्राइवर का काम किया।

महमूद की किस्मत का सितारा उस समय चमका, जब किसी शूटिंग के दौरान फिल्मी अभिनेत्री मधुबाला के सामने एक जूनियर आर्टिस्ट 10 रीटेक के बावजूद अपने डॉयलाग बोल नहीं पाया। तब इसके लिए महमूद को अवसर मिला और उसने एक बार में ही शॉट ओके कर दिया। इसके लिए उन्हें पूरे 100 रुपये मिले, जबकि ड्राइवरी में उन्हें पूरे महीने काम करने के बाद केवल 75 रुपये ही मिलते थे।

महमूद की किस्मत का सितारा उस समय चमका, जब किसी शूटिंग के दौरान फिल्मी अभिनेत्री मधुबाला के सामने एक जूनियर आर्टिस्ट 10 रीटेक के बावजूद अपने डॉयलाग बोल नहीं पाया। तब इसके लिए महमूद को अवसर मिला और उसने एक बार में ही शॉट ओके कर दिया। इसके लिए उन्हें पूरे 100 रुपये मिले, जबकि ड्राइवरी में उन्हें पूरे महीने काम करने के बाद केवल 75 रुपये ही मिलते थे। इस तरह उन्होंने ड्राइवरी छोड़ने का फैसला कर लिया और वे फिल्मों में काम हासिल करने के लिए प्रयत्नशील हो गये। उन्होंने बाकायादा अपना जूनियर आर्टिस्ट एसोसिएशन में नाम रजिस्टर्ड करवा लिया और कार्ड हासिल कर लिया।

बतौर जूनियर आर्टिस्ट उन्होंने दो बीघा जमीन, नौकर, प्यासा और सीआईडी फिल्मों में छोटे-छोटे रोल किये। पहली बार उन्हें राजकपूर के साथ परवरिश में एक अच्छा और बड़ा रोल मिला। इस फिल्म के साथ सही अर्थों में उनकी किस्मत का सितारा चमका। इसके बाद महमूद को निर्माता एलवी प्रसाद ने ससुराल और छोटी बहन में अवसर दिया। इस फिल्म में उनके हास्य अभिनय की सर्वत्र प्रशंसा हुई और उनके ऊपर हास्य अभिनेता का ठप्पा लग गया।

जब महमूद मात्र आठ साल के थे, मुंबई की लोकल ट्रेनों में टॉफियां बेचकर अपना खर्चा चलाया करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने करीब 750 फिल्मों में यादगार रोल किये। एक समय ऐसा भी आया कि उन्हें फिल्म के हीरो से अधिक पारिश्रमिक ही नहीं मिलने लगा, बल्कि सिर्फ उनके नाम के सहारे ही फिल्म चलने और सफल होने लगी।

महमूद को बचपन से गायन का भी शौक था, जिसे उन्होंने अपनी फिल्म भूत बंगला, पड़ोसन, आवारा बाप, कुंआरा बाप और सबसे बड़ा रुपया जैसी फिल्मों में भी काम किया। केवल यही नहीं, बल्कि बाद में वे एक फिल्म निर्माता के रूप में भी स्थापित हुए और उन्होंने कई यादगार फिल्मों का निर्माण किया। पंचम जो आरडी बर्मन के नाम से संगीत की दुनिया में ख्यात हैं, उनके जिगरी दोस्त थे। महमूद ने ही सर्वप्रथम उन्हें ब्रेक दिया था।

# प्रदूषण के विरुद्ध अच्छी पहल

**गणेश शंकर भगवती**

दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने वर्ष 2018-19 के अपने बजट को 'ग्रीन बजट' का रूप देकर जो नई पहलकदमी की है, उसका स्वागत किया जाना चाहिए। पहली बार भारत की किसी सरकार ने प्रदूषण की जानलेवा समस्या पर अपनी शक्ति भर पैसा लगाया है। यह इस बात का संकेत है कि केजरीवाल सरकार प्रदूषण को बात-बहादुरी तक सीमित रखने के बजाय इसे एक बड़ी सामाजिक-आर्थिक चुनौती मानती है और इससे ठोस तरीके से निपटना चाहती है। दिल्ली का प्रदूषण विश्वव्यापी चिंता का विषय बन चला है। बीते दिसंबर में दिल्ली की हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 320.9 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज की गई, जो आपात स्थिति के मानक से भी कुछ ऊपर थी। इसी तरह पीएम 10 की मात्रा 496 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर दर्ज की गई, जो आपात स्थिति के करीब है। कई अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ यहां तक कह चुके हैं कि दिल्ली रहने लायक नहीं रह गया है। जाहिर है, दिल्ली की जिम्मेदारी संभाल रही सरकार का यह सबसे बड़ा फर्ज है कि वह प्रदूषण पर काबू करके इस शहर को रहने लायक बनाए। इसी को ध्यान में रखकर ग्रीन बजट में दिल्ली सरकार के चार विभागों पर्यावरण, ट्रांसपोर्ट, पावर और पीडब्ल्यूडी से जुड़ी 26 योजनाओं को शामिल किया गया है और इनके जरिए ये प्रदूषण नियंत्रण का अभियान शुरू किया जा रहा है। सरकार ने प्रस्ताव किया है कि जो लोग सीएनजी फिटेड कार खरीदेंगे, उन्हें रजिस्ट्रेशन चार्ज में 50 पर्सेन्ट की छूट मिलेगी।



दिल्ली के रेस्टोरेंट्स अगर कोयले वाले तंदूर की जगह इलेक्ट्रिक या गैस तंदूर काम में लाते हैं तो सरकार उन्हें प्रति तंदूर 5 हजार रुपये तक की सब्सिडी देगी। 10 केवीए या इससे अधिक क्षमता के डीजल जेनरेटर की जगह इलेक्ट्रिक जेनरेटर का इस्तेमाल करने पर सरकार की तरफ से इसके लिए 30 हजार रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। इंडस्ट्रियल एरिया में पाइप्ड चैनरल गैस का इस्तेमाल करने पर एक लाख रुपये तक की मदद सरकार की ओर से मिलेगी। दिल्ली देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जहां जनवरी से लेकर दिसंबर तक पूरे साल प्रदूषण का रियल आइम डेटा जुटाया जाएगा। सरकार ने एक हजार लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें लाने का लक्ष्य भी रखा है। शहर में हरित इलाके बढ़ाए जाएंगे। इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी भी बनाई जा रही है।

# बातचीत भी एक कला है!



**मंजू नागौरी**

दूसरों को अपनी बात से सहमत करना भी एक कला है। यह वह कौशल है, जिसे कोई भी व्यक्ति सीख सकता है। इस कला में माहिर होने के लिए यह आवश्यक है कि इसके लिए उपयुक्त वातावरण उत्पन्न करके, अपने विचारों को सामने वाले तक पहुंचाने का प्रभावशाली ढंग सीखें।

सामने वाले से अपनेपन से बात करने से बातचीत सहज होगी तथा स्वाभाविकता से सुनी तथा समझी भी जा सकेगी। फिर संशय का प्रश्न ही नहीं उठेगा।

बातचीत करते समय आक्रामक रूख अपनाना तर्क-वितर्क करना, बात काटना गलत है। इससे तो सामने वाले को तत्काल अपने विरोध में खड़ा कर लेना है। ऐसे में जब वह बात ही नहीं सुनेगा तो भला मानेगा कैसे?

कई बार केवल अपना पक्ष रख देने से या बात काटने से ही काम नहीं बन पाता, बल्कि अपनी बात सुनी-समझी जाए। इसके लिए अपने पक्ष को दमदार भी बनाया जाता है, ताकि सुनने वाले तथ्यों से प्रभावित हों। तथ्यों के साथ उनको प्राप्त स्रोतों को विश्वसनीयता भी बताई जाए तो महत्व बढ़ जाता है। जब व्यक्ति विश्वसनीय तथ्यों या अनुभवों की बात सुनता है तो अपने पूर्वाग्रहों से चिपका नहीं रह पाता। अपनी बात दूसरों से मनवा लेने में माहिर लोग यह जानते हैं कि लोग आंकड़ों, सबूतों की बजाय व्यक्ति उदाहरणों पर व अनुभवों पर ज्यादा ध्यान देते हैं। ऐसे सच्चे अनुभव असर भी अधिक और तत्काल करते हैं। किसी सिरदर्द से पीड़ित व्यक्ति से सामने वाला यह कहे कि मुझे भी यही तकलीफ थी और फलां दवा या डॉक्टर के इलाज से लाभ हुआ तो परेशान व्यक्ति उस पर तुरंत विश्वास कर लेगा, क्योंकि वह यह जानता है कि जिस दवा की या इलाज की उसे प्रेरणा दी जा रही है, उससे पहले ही किसी को पूरा लाभ हो चुका है तो वह झट बात मान लेगा। एक बात यह भी कि अपनी बात दूसरे के सामने आत्मविश्वास से रखें। यही वह कौशल है, जो दूसरों को प्रेरित करता है कि कही गई बात इंकार करने लायक नहीं है, हमारे हित की है व हमें सहज ही जान लेनी चाहिए।

# अंधेरे में हमें रंग दिखाई क्यों नहीं देते?

आप सबके मन में एक सवाल जरूर आता होगा कि हम रोशनी में सभी रंगों की पहचान कर सकते हैं, परंतु अंधेरे में रंगों की पहचान करना तो दूर हमें रंग दिखाई भी नहीं देते। आज हम आपको इस सवाल का जवाब देंगे, लेकिन इससे पहले लाइट के बारे में जान लें।

सूरज या किसी भी अति गर्म स्त्रोत से जो लाइट निकलती है, वह सफेद लाइट होती है, लेकिन जैसा कि न्यूटन ने सबसे पहले दिखाया कि सफेद लाइट वास्तव में सभी रंगों की लाइट का मिश्रण होती है, इसलिए जब लाइट की बीम को एक ग्लास प्रिज्म से पास कराया जाता है तो इंद्रधनुष के सभी रंग दिखाई देते हैं, जिसमें लाल, आरेंज, पीला, हरा, नीला व वायलेट होता है। हर शेड आहिस्ता से बिना टूटे दूसरे में ब्लेंड कर जाता है और इसी फैलने का स्पेक्ट्रम कहते हैं। यह रंग सनलाइट में मौजूद होते हैं, लेकिन प्रिज्म में किरणवक्रता के कारण फैल जाते हैं।

हर रंग थोड़ा अलग-अलग मात्रा में वक्र होता है, सबसे कम लाल और सबसे कम वायलेट। इसे डिसपर्जन या अपकिरण कहते हैं। बिना डिसपर्जन के

**अब जानें कि अंधेरे में हमें रंग दिखाई क्यों नहीं देते, क्योंकि लाइट से अलग उसका अस्तित्व नहीं है, इसलिए अंधेरे में हमें रंग दिखाई नहीं देते।**

मिश्रण आंख को सफेद प्रतीत होता है, लेकिन रंग तो लाइट की वेवलेंथ से तय होता है, जैसे पानी में तैर रही एक लहर की उठान व दूसरी लहर की उठान के बीच तो फासला होता है। हां, दिखाई देने वाली सबसे छोटी लाइट की लहर वॉयलेट की होती है और सबसे लंबी लाल की, लेकिन अपने इर्द-गिर्द जो हम अधिकतर रंग देखते हैं वह एक वेवलेंथ के नहीं होते, बल्कि अनेक वेवलेंथ का मिश्रण होते हैं। जब सफेद लाइट किसी वस्तु पर पड़ती है तो कुछ वेवलेंथ प्रतिबिम्बित होती हैं और बाकी पदार्थ में हजम हो जाती हैं।

मसलन, लाल कपड़े का टुकड़ा लगभग सभी वेवलेंथ को हजम कर जाता है, सिवाए कुछ लाल रेंजों के। सिर्फ यही हमारी आंख में प्रतिबिम्बित होती हैं और हमें कपड़ा लाल दिखाई देता है। अब जानें कि अंधेरे में हमें रंग दिखाई क्यों नहीं देते, क्योंकि लाइट से अलग उसका अस्तित्व नहीं है, इसलिए अंधेरे में हमें रंग दिखाई नहीं देते। हमारी सारी रंग संवेदना हमारी आंखों में प्रवेश करने वाली लाइट किरणों से उत्पन्न होती है। सभी चीजें प्रतिबिम्बित लाइट से दिखाई देती हैं और वह जो रंग दिखाती हैं उनका अस्तित्व लाइट में होता है न कि ऑब्जेक्ट या वस्तु में।

-नयनतारा दीदी

# MODERN INSTITUTE OF TECHNOLOGY




## बी०एड० एवं एम०एड०

हमारे संस्थान में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है कि वो रजिस्ट्रेशन कर अपनी सीट सुरक्षित कर सकते है।

• विद्यार्थी प्रवेश हेतु तत्काल संस्थान में संपर्क करे। • सीटें सीमित

9369443978
9897010187

## BBA/B.com(Hons)/B.com+Tally

Eligibility-12th with Art, Science, Commerce

9412058682

## M.Sc. (IT)

Eligibility- Graduation with Science

## BCA/B.Sc (CS)

Eligibility- 10+2 with Maths

## B.Sc (IT)

Eligibility- 12th with Art, Science, Commerce

8899806686

## M.Sc.

Microbiology, Biotechnology
Eligibility- Graduation with Lifescience

## B.Sc

Biotechnology, ZBC, PCM
Eligibility- 10 + 2 Math, Bio

9897008056

## Diploma in Hotel Management

Eligibility-12th

9897010187

## D. Pharma

Eligibility-12th with Science

## Diploma in

CIVIL ENG ELECTRICAL ENG MECHANICAL ENG
Eligibility-10th with Maths

9412058682

**MIT**

Dhalwala, Rishikesh (Uttarakhand) Phone : (0135) 2435220, 2439060
Mobile : 09897010187, 09412058682
E-mail : mitrishikesh@gmail.com | Visit us at : www.mitrishikesh.com